हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, शुक्रवार 2 अक्टूबर 2026

04 कन्या कॉलेज में ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम...



07 ग्राम करमाई में 0.878 हे. का आवेदक को दिलाया कब्जा



समाचार संक्षेप

2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर शुष्क दिवस घोषित

गुना। राज्यशासन द्वारा 2 अक्टूबर महात्मा गांधी जयंती को शुष्क दिवस घोषित किया गया है। कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट किशोर कुमार कन्याल द्वारा शासन के निर्देशों के पालन में एवं मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए 2 अक्टूबर को महात्मा गांधी जयंती के अवसर पर जिले की समस्त कंपोजिट मदिरा दुकानों को बंद रखने एवं जिले में मदिरा का क्रय, विक्रय एवं परिवहन पूर्णतः बंद रखे जाने के संबंध में आदेश जारी किया गया है।

मानस भवन गुना में 3 से 9 अक्टूबर को श्रीमद् भागवत कथा

गुना। संत अरविंद जी महाराज बालाजी धाम आगरा के श्री मुख से 3 अक्टूबर से 9 अक्टूबर तक मानस भवन गुना में श्रीमद् भागवत कथा का आयोजन किया जा रहा है.. कथा का समय दोपहर 2:00 बजे से 5:00 तक रहेगा..भव्य कलश यात्रा कोटेश्वर मंदिर निचला बाजार से 3 अक्टूबर को प्रातः 10:00 बजे प्रारंभ होगी एवं मानस भवन पर समाप्त होगी, कथा आयोजक मारवाड़ी परिवार ने समस्त शहर वासियों से कथा श्रवण हेतु निवेदन किया है कृपया पधार कर धर्मलाभ प्राप्त करें।

सेवा-सेतु अभियान के तहत 3 एवं 4 अक्टूबर को शिविर आयोजित होंगे

गुना। मध्यप्रदेश शासन, राजस्व विभाग मंत्रालय वल्लभ भवन भोपाल के निर्देशानुसार नागरिकों को संवेदनशील, उत्तरदायी एवं समयबद्ध लोक सेवाएं सीधे उनके गांव एवं वार्ड स्तर पर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से जिले में ''सेवा-सेतु अभियान सरकार आपके द्वार'' का आयोजन किया जा रहा है। यह अभियान व्यापक ''सेवा संकल्प अभियान'' 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर का केन्द्रीय घटक है। अभियान के सफल एवं सुव्यवस्थित संचालन के लिए जिला मुख्य नोडल अधिक जिपं सीईओ अभिषेक दुबे को बनाया गया है। नगरीय क्षेत्र के लिए संबंधित एसडीएम तथा ग्रामीण क्षेत्र के लिए संबंधित मुख्य कार्यपालन अधिकारी, समस्त जनपद पंचायत को सहायक नोडल अधिकारी का दायित्व सौंपा गया है। ग्रामीण क्षेत्र के समस्त विकासखण्डों में 3 अक्टूबर को प्रातः 11 बजे से शाम 04 बजे तक शिविर आयोजित किए जाएंगे। गुना विकासखण्ड में जिज्जी की पंचायत, बमोरी में जनपद पंचायत बमोरी के सभा कक्ष, चाचौड़ा में जनपद पंचायत चाचौड़ा के सभा कक्ष, राघौगढ़ में ग्राम पंचायत आवन तथा आरोन में जनपद पंचायत परिसर में शिविर आयोजित होगा। शिविरों के लिए संबंधित जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को शिविर प्रभारी अधिकारी बनाया गया है।

पीजी कॉलेज के लिए 7.67 करोड़ रुपये स्वीकृत

गुना। मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग ने जिले के शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय (प्रधान मंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस गुना) में बुनियादी ढांचे के सुदृढ़ीकरण, मरम्मत और नवीन निर्माण कार्यों के लिए 767.73 लाख रुपये की बड़ी राशि की प्रशासकीय स्वीकृति जारी की है। इस राशि से कॉलेज परिसर का कायाकल्प किया जाएगा, जिससे छात्र-छात्राओं को आधुनिक और बेहतर शैक्षणिक माहौल मिल सकेगा। मंत्रालय (वल्लभ भवन), भोपाल से उच्च शिक्षा विभाग द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, स्थायी वित्तीय समिति की बैठक में लिए गए निर्णय के परिप्रेक्ष्य में वित्तीय वर्ष 2026-27 के तहत यह स्वीकृति प्रदान की गई है।

तेज रफ्तार कार की टक्कर से बाइक सवार गंभीर, इंदौर में इलाज जारी

गुना। जिले के आरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत बरखेड़ा हाट स्कूल के पास एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार अमित दुबे गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार, पीड़ित अजय दुबे के भाई अमित दुबे अपनी बाइक से गुना से आरोन लौट रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार कार आरजे 27-8301 के चालक ने लापरवाही से वाहन चलाते हुए उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में अमित दुबे के सिर, हाथ, पैर और आंख में गंभीर चोटें आईं। राहगीर संदीप यादव और रघुवीर सिंह रघुवंशी ने उन्हें तत्काल आरोन अस्पताल पहुंचाया।

डीएपी खाद की किल्लत से भड़का किसानों का आक्रोश

टोकन के बावजूद खाद नहीं मिलने से नाराज सैकड़ों किसानों ने बाघेरी में किया चक्काजाम

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले में रबी सीजन की बोवनी से ठीक पहले डीएपी खाद की हाहाकार ने किसानों के सब्र का बांध तोड़ दिया है। बमोरी विधानसभा क्षेत्र के बाघेरी स्थित डबल लॉक वितरण केंद्र पर खाद वितरण में हो रही भारी अव्यवस्थाओं से नाराज सैकड़ों किसानों ने गुरुवार दोपहर मुख्य मार्ग पर चक्काजाम कर दिया। आक्रोशित किसानों ने सडक़ के बीचों-बीच अपने ट्रैक्टर-ट्रॉलियां और वाहन खड़े कर आवागमन पूरी तरह ठप कर दिया। इस दौरान किसानों ने जिला प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल उठाते हुए प्रदेश सरकार और स्थानीय प्रशासनिक तंत्र के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की।

टोकन मिलने के बाद भी भटकने को मजबूर

क्षेत्र के दर्जनों गांवों से आए किसानों का आरोप है कि वे कृषि विभाग द्वारा जारी व्यवस्था के तहत ऑनलाइन टोकन हासिल करने के बाद भी सुबह-



तडक़े से लंबी कतारों में खड़े रहने को मजबूर हैं। घंटों इंतजार करने के बावजूद जब वितरण केंद्र पर खाद मिलने के कोई आसार नजर नहीं आए, तो किसानों का गुस्सा भडक़ उठा। किसानों का कहना है कि एक तरफ बोवनी का समय निकला जा रहा है, वहीं दूसरी तरफ टोकन होने के बावजूद उन्हें खाद के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है।

अधिकारियों के आश्वासन पर लगभग दो घंटे बाद खुला मार्ग

सडक़ पर जाम लगते ही दोनों ओर यात्री बसों, ट्रकों और दुपहिया वाहनों की लंबी-लंबी कतारें लग गईं, जिससे राहगीरों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ा। घटना की सूचना मिलते ही पहले स्थानीय पुलिस बल मौके पर पहुंचा और किसानों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन उग्र किसान प्रशासनिक अधिकारियों को मौके पर बुलाने की मांग पर अड़े रहे। इसके बाद कृषि विभाग के वरिष्ठ अधिकारी बाघेरी पहुंचे और किसानों से सीधे वार्ता की। अधिकारियों ने भरोसा दिलाया कि जिन भी किसानों के पास आज के टोकन उपलब्ध हैं, उन्हें हर हाल में आज ही खाद का आवंटन कर दिया जाएगा। आश्वासन के बाद किसानों ने सडक़ से अपने वाहन हटाए और प्रदर्शन समाप्त किया।

प्रशासनिक नाकामी से लगातार बिगड़ रहे हालात

प्रदर्शन खत्म होने के बाद पुलिस को यातायात सामान्य कराने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। जिले में खाद वितरण को लेकर रोजाना पैदा हो रही यह स्थिति जिला प्रशासन के लचर प्रबंधन और दूरदर्शिता की कमी को उजागर कर रही है। समय रहते ठोस व्यवस्था न बनाए जाने के कारण किसानों का असंतोष लगातार गहराता जा रहा है।

आपात स्थिति में जीवन बचाएंगे कॉलेज के युवा

गुना। किसी भी प्राकृतिक आपदा या अचानक आई आपात स्थिति के दौरान प्राथमिक स्तर पर तुरंत राहत कार्य पहुंचाने के उद्देश्य से शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में सात दिवसीय युवा आपदा मित्र प्रशिक्षण शिविर का संचालन किया जा रहा है। होमगार्ड एवं मध्यप्रदेश राज्य आपदा आपातकालीन प्रतिक्रिया बल (एसडीईआरएफ) के विशेषज्ञों द्वारा दिया जा रहा यह विशेष प्रशिक्षण 28 सितंबर से शुरू हुआ है, जो 5 अक्टूबर तक जारी रहेगा।

प्राथमिक उपचार से लेकर सीपीआर तक का मिल रहा व्यावहारिक ज्ञान

प्रशिक्षण के दौरान छात्र-छात्राओं को भूकंप, बाढ़, भीषण आगजनी और सडक़ हादसों जैसी विपरीत परिस्थितियों से निपटने के व्यावहारिक गुर सिखाए जा रहे हैं। एसडीईआरएफ की टीम युवाओं को प्राथमिक चिकित्सा, घायलों को सुरक्षित स्थान पर ले जाने, स्ट्रेचर बनाने तथा सांस रुकने या बेहोशी की स्थिति में जीवनरक्षक सीपीआर देने का गहन अभ्यास करा रही है। इसके साथ ही लोगों को बचाने की तकनीक भी समझाई जा रही है।

सात वार्डों में चला सघन स्वच्छता अभियान, अतिक्रमणकारियों को नोटिस

22 दुकानदारों पर 5400 का स्पॉट फाइन, श्री राम कॉलोनी में कलारी पर 5000 का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

नगर पालिका परिषद गुना द्वारा चलाए जा रहे विशेष स्वच्छता अभियान के तहत मंगलवार को वार्ड क्रमांक 20 से 27 के बीच चिन्हित सात वार्डों में सघन स्वच्छता अभियान चलाया गया। नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता के मार्गदर्शन में आयोजित अभियान में शहर के सभी 37 वार्डों से दो-दो सफाई कर्मचारियों को विशेष सफाई के लिए संबंधित वार्डों में तैनात किया गया। अभियान के दौरान वार्डों की विभिन्न कॉलोनियों में जमा गंदगी के साथ नाले-नालियों की सफाई कराई गई। जनप्रतिनिधियों ने भी अभियान में सहभागिता करते हुए सफाई मित्रों के साथ सफाई की और उनका उत्साहवर्धन किया। मुख्य नगर पालिका अधिकारी शैलेश अवस्थी ने बताया कि वार्ड क्रमांक 20, 21, 23, 24, 25, 26 एवं 27 में विशेष सफाई अभियान चलाया गया। इसका उद्देश्य बारिश के बाद जमा



गंदगी एवं कचरे की सफाई के साथ शहर को स्वच्छ रखना और आगामी त्योहारों के दौरान नागरिकों को स्वच्छ वातावरण उपलब्ध कराना है। साथ ही वर्षा ऋतु के बाद उत्पन्न होने वाली मौसमी बीमारियों की रोकथाम के लिए भी सफाई पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

सफाई मित्रों का किया सम्मान

वार्ड क्रमांक 27 स्थित हनुमान कॉलोनी के पार्क में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सविता अरविंद गुप्ता, वार्ड पार्षद शेखर वशिष्ठ एवं सीएमओ शैलेश अवस्थी ने सफाई मित्रों एवं वार्ड प्रभारी रवि मालवीय का सम्मान कर उनका उत्साहवर्धन किया। सीएमओ ने कहा कि जनप्रतिनिधियों और स्थानीय नागरिकों द्वारा सफाई मित्रों का सम्मान किए जाने से कर्मचारियों को बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहन मिलता है और अभियान अधिक प्रभावी बनता है।

अतिक्रमणकारियों को मौके पर दिए नोटिस

विशेष अभियान के दौरान नगर पालिका की टीम ने वार्डों में अतिक्रमण करने वाले नागरिकों को मौके पर ही नोटिस जारी किए। संबंधितों को तीन दिवस के भीतर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए हैं। निर्धारित अवधि में अतिक्रमण नहीं हटाने पर नगर पालिका द्वारा कार्रवाई करते हुए अतिक्रमण हटाया जाएगा।इसके अलावा खाली प्लॉट मालिकों को भी अपने प्लॉट की बाउंड्रीवॉल कराने के निर्देश दिए गए, ताकि आसपास के लोग वहां कचरा नहीं फेंक सकें ।

22 दुकानदारों पर 5400 रुपए का स्पॉट फाइन

बाजार क्षेत्र में दुकानदारों द्वारा डस्टबिन नहीं रखने, सड़क पर कचरा फेंकने एवं सड़क पर अतिक्रमण करने पर नगर पालिका ने मौके पर ही कार्रवाई की। अभियान के दौरान करीब 22 दुकानदारों पर लगभग 5400 रुपए के स्पॉट फाइन किए गए।वहीं श्रीराम कॉलोनी स्थित कलारी पर गंदगी पाए जाने पर 5 हजार रुपए का जुर्माना लगाया गया।

अस्तित्वहीन सीएचसी के नाम पर 14.62 लाख का बजट आवंटन!

सीएमएचओ ने पत्र भेजकर मांगा मार्गदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

मध्यप्रदेश स्वास्थ्य विभाग के संचालनालय द्वारा जिले में स्वास्थ्य सुविधाओं के विस्तार और उपकरणों की खरीदी को लेकर एक बड़ा प्रशासनिक झोल सामने आया है। भोपाल स्थित लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने गुना जिले में एक ऐसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) के लिए चिकित्सीय उपकरणों और फर्नीचर की लंबी-चौड़ी सूची जारी कर बजट आवंटित कर दिया, जो वास्तविक धरातल पर अस्तित्व में ही नहीं है।

मामला वित्तीय वर्ष 2025-26 के अंतर्गत कैटेगिरी-सी के तहत स्वास्थ्य केंद्रों के सुदृढ़ीकरण से जुड़ा है। उप संचालक अस्पताल प्रशासन भोपाल के हस्ताक्षर से जारी जिलावार आवंटन आदेश में गुना जिले के अंतर्गत सीएचसी राजपुर को एक सक्रिय स्वास्थ्य संस्था के रूप में दर्शाया गया है। सूची में इस केंद्र के लिए बड़ी संख्या में मेडिकल उपकरण, फर्नीचर और ऑफिस सामग्री निर्धारित की गई है। इस पूरी प्रक्रिया के तहत गुना जिले के लिए कुल 14 लाख 62 हजार 552 रुपये का बजट प्रावधान किया गया है।

बिना गैप असेसमेंट और मांग के जारी हुआ बजट

भोपाल से आदेश पहुंचते ही जिला स्वास्थ्य महकमे में हडक़ंप मच गया। प्रशासनिक प्रक्रिया के अनुसार किसी भी केंद्र को बजट आवंटित करने से पूर्व वहां मौजूद संसाधनों का भौतिक सत्यापन और अंतर मूल्यांकन (गैप असेसमेंट) किया जाता है, जिसके आधार पर संबंधित जिला मांग पत्र भेजता है। लेकिन बिना किसी मांग और बिना मैदानी पड़ताल के एक गैर-मौजूद स्वास्थ्य केंद्र के नाम पर आवंटन सूची तैयार कर दी गई, जो विभागीय कार्यप्रणाली और बजट आवंटन की पारदर्शिता पर गंभीर सवाल खड़े करती है।

मामला सामने आने के बाद सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर ने संचालनालय को आधिकारिक पत्र भेजकर पूरी स्थिति से अवगत कराया है।

9 साल के मासूम को जहरीले सांप ने दो बार डसा, इलाज के लिए बदरवास से गुना लाते समय तोड़ा दम

गुना। जिले से सटे इंदार थाना क्षेत्र के बीजरोनी गांव में एक दर्दनाक हादसे में 9 वर्षीय मासूम बालक की सर्पदंश से मौत हो गई। मृतक बच्चे की पहचान परसोत्तम आदिवासी पिता अशोक आदिवासी के रूप में हुई है। मूलतः शिवपुरी जिले के धपोरा (बूढ़ों राजपुर) का रहने वाला यह परिवार बीजरोनी गांव में एक खेत पर हरवाए (बटाई/मजदूरी) का काम करता था और वहीं रहकर जीवनयापन कर रहा था। घटना की रात मासूम परसोत्तम खेत पर बने छप्पर में लकड़ी के तख्त पर सो रहा था। इसी दौरान एक जहरीला सांप तख्त पर चढ़ गया और उसने सोते हुए बच्चे को दो जगह डस लिया। जहर के असर से जैसे ही बच्चे को तेज दर्द महसूस हुआ, उसने तड़पते हुए अपने पिता अशोक को आवाज दी और कहा कि पापा मुझे सांप ने खा लिया है। पिता ने जब टॉर्च की रोशनी में देखा तो बच्चा गंभीर हालत में था और जहरीला नाग तख्त पर ही बैठा हुआ था। परिजन आनन-फानन में मासूम को तत्काल बदरवास स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंचे, रात करीब 2 बजे जब परिजन बच्चे को डॉक्टरों ने स्वास्थ्य परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया।

आरोन में मारपीट की दो अलग-अलग घटनाएं कुल्हाड़ी, फावड़े व डंडे से हमला, चार घायल

गुना। जिले के आरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत दो अलग-अलग गांवों में पुरानी रंजिश और मामूली विवाद को लेकर खूनी संघर्ष के मामले सामने आए हैं। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पहली घटना ग्राम पहाड़ुआ ढेर की है, जहां रात करीब 11 बजे फरियादी गुलाब सिंह नायक के साथ उनके ही गांव के भगवान सिंह और शांतिलाल ने गाली-गलौज की। विरोध करने पर आरोपियों ने फावड़े और लुहांगी से जानलेवा हमला कर दिया। हमले में गुलाब सिंह का सिर फट गया तथा बीच-बचाव करने आए उनके बेटे रवींद्र को भी चोटें आईं। आरोपियों ने जाते-जाते जान से मारने की धमकी दी। वहीं दूसरी घटना ग्राम जुग्या की है, जहां शाम को खेत से बैल चराकर लौट रहे पूरन खेरूआ पर मोवत सिंह खेरूआ ने मेंढ से निकलने की बात पर विवाद कर दिया। गाली-गलौज का विरोध करने पर मोवत सिंह ने डंडे से ताबड़तोड़ हमला कर दिया, जिससे पूरन के सिर और हाथ-पैर में गंभीर चोटें आईं। भतीजे माखन के बीच-बचाव करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग निकला।

कचरे के ढेर में जिंदगी तलाश रही बुजुर्ग महिला को मिला आश्रय

समाजसेवी भार्गव ने अपना घर आश्रम में कराया भर्ती



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

वृद्धजन दिवस पर मानवीय संवेदना की मिसाल सामने आई। गुना जिले के एनएफएल पालिका बाजार क्षेत्र में पिछले करीब एक सप्ताह से भटक रही एक बुजुर्ग महिला को समाजसेवी प्रमोद भार्गव ने सुरक्षित आश्रय दिलाया। महिला की स्थिति बेहद दयनीय थी और वह कचरे के ढेर से सामग्री बीनकर अपना गुजारा कर रही थी।

जानकारी के अनुसार, आज समाजसेवी प्रमोद भार्गव पालिका बाजार पहुंचे थे। यहां रानू जैन की सूचना पर उन्होंने एक बुजुर्ग महिला को कचरे के ढेर में सामग्री बीनते हुए देखा। महिला के पास कचरे से भरी सामग्री थी। उसके कपड़े फटे और गंदे थे तथा उसके शरीर से दुर्गंध भी आ रही थी। महिला की हालत देखकर भार्गव ने उससे बातचीत कर उसके बारे में जानकारी लेने का प्रयास किया। पूछताछ में महिला को केवल बालेश्वर जिला याद था। वह अपना नाम, पता अथवा परिवार के संबंध में कोई स्पष्ट जानकारी नहीं दे पा रही थी। उसकी स्थिति को देखकर वह मानसिक रूप से अस्वस्थ प्रतीत हो रही थी।

अपने वाहन से शिवपुरी ले जाकर दिलाया आश्रय

महिला की दयनीय स्थिति देखकर प्रमोद भार्गव ने तत्काल उसे अपने वाहन में बैठाया और शिवपुरी स्थित अपना घर आश्रम में भर्ती कराया। अब महिला को आश्रम में सुरक्षित आश्रय के साथ भोजन, देखभाल और आवश्यक सहायता मिल सकेगी। वहीं भार्गव द्वारा महिला के बताए बालेश्वर, ओडिशा से उसके परिजनों की जानकारी जुटाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

एनसीआरपी पोर्टल की एमआरएम प्रक्रिया से ठगी की रकम पर लगवाया होल्ड

साइबर ठगी के पीड़ितों को गुना पुलिस ने लौटाए 1.25 लाख

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले में बढ़ते साइबर अपराधों और ऑनलाइन ठगी के मामलों पर अंकुश लगाने के साथ-साथ पीड़ितों को आर्थिक राहत पहुंचाने के लिए गुना पुलिस द्वारा लगातार तकनीकी स्तर पर कार्रवाई की जा रही है। पुलिस की त्वरित कार्रवाई के परिणामस्वरूप साइबर ठगी के 10 पीड़ितों को उनकी कुल 1 लाख 25 हजार 1 रुपये की राशि वापस दिलाई गई है।

पुलिस उप महानिरीक्षक ग्वालियर रेंज असित यादव के निर्देशानुसार, पुलिस अधीक्षक गुना श्रीमती हितिका वासल के दिशा-निर्देशन तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री प्रशांत सिंह सुमन के मार्गदर्शन में जिले में साइबर अपराधों की रोकथाम, साइबर अपराधियों के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई और साइबर ठगी के पीड़ितों की धनराशि वापस कराने के लिए साइबर सेल द्वारा तकनीकी कार्रवाई की जा रही है।

शिकायत मिलते ही शुरू होती है तकनीकी कार्रवाई

जिले में ऑनलाइन धोखाधड़ी के शिकार नागरिकों द्वारा साइबर ठगी से संबंधित शिकायतें पुलिस अधीक्षक के समक्ष प्रस्तुत की जाती हैं। पुलिस अधीक्षक द्वारा ऐसे मामलों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित शिकायतों पर तत्काल कार्रवाई के निर्देश साइबर सेल टीम को दिए जाते हैं।

निर्देश मिलने के बाद साइबर सेल की टीम शिकायत की बारीकी से जांच करती है और ठगी की रकम किस बैंक खाते में पहुंची



है, इसकी जानकारी जुटाई जाती है। इसके बाद एनसीआरपी (National Cyber Crime Reporting Portal) की MRM यानी Money Recovery Mechanism प्रक्रिया के माध्यम से संबंधित बैंक खातों में ठगी की रकम पर तत्काल होल्ड लगवाने की कार्रवाई की जाती है। समय पर की गई इस तकनीकी कार्रवाई का उद्देश्य ठगी की रकम को आगे अन्य खातों में ट्रांसफर होने से रोकना होता है, ताकि पीड़ित की राशि को वापस दिलाने की संभावना बनी रहे।

10 पीड़ितों को वापस मिली ठगी की रकम

गुना पुलिस की साइबर सेल टीम द्वारा की गई त्वरित कार्रवाई और संबंधित बैंकिंग संस्थानों के साथ प्रभावी समन्वय के परिणामस्वरूप निर्धारित प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद शुभम जैन, राकेश कुमार जैन, रफत रैना खान, घनश्याम, सुनील ओझा, बुन्देल सिंह मीना, नरेन्द्र वर्मा, रामपाल सिंह, दीपेन्द्र एवं श्यामबाबू राजपूत की साइबर ठगी से संबंधित धनराशि वापस कराई गई। इन सभी मामलों में पीड़ितों को कुल 1,25,001 रुपये की राशि वापस मिली। पुलिस की इस कार्रवाई से साइबर ठगी के शिकार लोगों को आर्थिक राहत मिली है।

बैंकिंग संस्थानों से लगातार समन्वय

गुना पुलिस द्वारा एनसीआरपी पोर्टल पर प्राप्त साइबर अपराध संबंधी शिकायतों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। पुलिस साइबर ठगी की रकम को आगे ट्रांसफर होने से रोकने के लिए संबंधित बैंकिंग संस्थानों के साथ समन्वय स्थापित कर रही है।

समाचार संक्षेप

राधा के श्राप के कारण श्रीकृष्ण ने लिया पृथ्वी पर अवतार : पं. पुरुषोत्तम पारीक

बीनागंज। अंचल के ग्राम रानी खेजरा में प्रसिद्ध कथा वाचक पं. पुरुषोत्तम पारीक ने श्रीकृष्ण जन्मोत्सव की कथा सुनाते हुए कहा कि श्रीकृष्ण राधा के शाप के कारण पृथ्वी पर अवतार लेकर आए थे। उन्होंने ब्रह्मवैवर्त पुराण में वर्णित एक प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि एक बार देवी राधा श्रीकृष्ण से रुष्ट होकर गोलोक चली गईं। इसी दौरान राधा की सखी बिरजा श्रीकृष्ण के समीप आ गईं। बिरजा को श्रीकृष्ण के निकट देखकर राधाजी ने उन्हें भला-बुरा कहा। इससे बिरजा तत्काल नदी का रूप धारण कर वहां से चली गईं। पं. पारीक ने बताया कि राधाजी को श्रीकृष्ण पर नाराज होते देखकर सुदामा गोप से रहा नहीं गया। उन्होंने राधाजी को समझाने का प्रयास किया, लेकिन इससे राधाजी और अधिक क्रोधित हो गईं। उन्होंने सुदामा को श्राप दिया कि वे गोलोक से असुर के रूप में पृथ्वी पर चले जाएं। कथा के अनुसार, श्रीकृष्ण ने राधाजी को समझाते हुए कहा कि कुछ समय तक उन्हें श्रीकृष्ण के विरह का दुख सहना पड़ेगा। यह सब पूर्व निर्धारित है और राधाजी को भी पृथ्वी पर अवतार लेना है। श्रीकृष्ण ने कहा कि वे भी उनके साथ पृथ्वी पर अवतार धारण करेंगे, जिससे सुदामा का श्राप भी फलेगा और उनका साथ भी बना रहेगा। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव से श्रीकृष्ण जन्मोत्सव का आनंद लिया और भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से कथा स्थल गूंज उठा।

मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ बनाने की पहल यूएनएफपीए का दो दिवसीय प्रशिक्षण संपन्न

गुना। जिले में मातृ स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक गुणवत्तापूर्ण एवं प्रभावी बनाने तथा मातृ मृत्यु दर में कमी लाने के उद्देश्य से यूएनएफपीए एवं स्वास्थ्य विभाग, गुना के संयुक्त तत्वावधान में होटल वरुण, गुना में दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित किया गया। सीएमएचओ डॉ. राजकुमार ऋषिश्वर के नेतृत्व में आयोजित प्रशिक्षण में डीएचओ-1 डॉ. शिल्पा तातिया सहित जिला स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारियों एवं वरिष्ठ स्वास्थ्यकर्मियों की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रशिक्षण में जिले के विभिन्न शासकीय स्वास्थ्य संस्थानों से स्त्री रोग विशेषज्ञ, चिकित्सा अधिकारी एवं नर्सिंग अधिकारी 40 से ज़्यादा शामिल हुए। प्रशिक्षण का संचालन लार्डल हेल्थ मास्टर प्रशिक्षकों डॉ. रश्मि, रिंकल एवं पद्मा द्वारा किया गया। इसमें प्रसवोत्तर रक्तस्राव, प्री-एक्लेम्पसिया एवं एक्लेम्पसिया, पार्टोग्राफ, शॉक प्रबंधन, शोल्डर डिस्टोसिया, पेल्विक परीक्षण और भी प्रसव स्थितियों सहित मातृ स्वास्थ्य से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सैद्धांतिक एवं व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया गया। साथ ही, उपलब्ध संसाधनों के प्रभावी उपयोग के माध्यम से मातृ स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता बेहतर करने पर विशेष जोर दिया गया।यूएनएफपीए के राज्य कार्यालय के मार्गदर्शन एवं डॉ दीपेश गुप्ता यूएनएफपीए स्टेट हेड के मार्गदर्शन में कार्यक्रम का समन्वय डॉ. मेघा गुप्ता, जिला फैसिलिटेटर, यूएनएफपीए, गुना द्वारा किया गया।

पुरानी रंजिश पर युवक से चार लोगों ने की मारपीट

गुना। शहर के कैंट थाना क्षेत्र अंतर्गत पीताखेड़ी गांव में पुरानी रंजिश को लेकर एक युवक के साथ चार लोगों द्वारा मारपीट करने का मामला सामने आया है। पीड़ित नेपाल यादव (20) ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह अपने घर के बाहर बैठा था, तभी गांव के हेमपाल यादव, हिम्मत सिंह यादव, अनिल यादव और सुनील यादव पहुंचे। आरोपियों ने अकारण गाली-गलौज करते हुए डंडों से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। हमले में नेपाल के सिर, हाथ-पैर और पीठ में चोटें आईं। मां गुड्डी बाई और भाई वीकेश ने मौके पर पहुंचकर बीच-बचाव किया, जिसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

अर्जुन की तरह लक्ष्य पर रखें एकाग्र दृष्टि, सफलता स्वयं कदम चूमेगी

जीवन के हर क्षेत्र में सफलता के लिए लक्ष्य पर एकाग्रता जरूरी : मुनिश्री

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



धर्म नगरी राघौगढ़ में पावन चातुर्मास वर्षायोग कर रहे आचार्य गुरुवर विद्यासागर जी महाराज के परम प्रभावक शिष्य, महान तपस्वी, ओजस्वी वक्ता एवं बुंदेली महाकवि मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने विद्यासागर सभागार में जीवन के हर क्षेत्र में सफल कैसे हों विषय पर मंगल प्रवचन दिए।

मुनिश्री ने कहा कि आज हर व्यक्ति की एक बड़ी समस्या है कि उसके मन में एकाग्रता नहीं है। एकाग्रता के अभाव में जीवन में अनेक समस्याएं उत्पन्न होती हैं। उन्होंने कहा कि पारिवारिक, व्यापारिक, सामाजिक, शैक्षणिक एवं राजनीतिक सहित जीवन के प्रत्येक क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए लक्ष्य का निर्धारण और उस पर एकाग्रचित्त होकर आगे बढ़ना आवश्यक है।उन्होंने सफलता के विभिन्न सूत्र बताते हुए कहा कि सबसे पहले लक्ष्य निर्धारित करना चाहिए। लक्ष्य का ज्ञान होना, उसे प्राप्त करने की ललक होना और निर्धारित लक्ष्य पर विश्वास रखना जरूरी है। लक्ष्य प्राप्त करने में असफलता का भय भी नहीं होना चाहिए। लक्ष्य निर्धारण का उदाहरण देते हुए मुनिश्री ने महाभारत काल का प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि गुरु द्रोणाचार्य ने कौरवों और पांडवों से जंगल में पेड़ पर बैठे पक्षी के संबंध में पूछा कि उन्हें क्या दिखाई दे रहा है। सभी ने पेड़, पत्ते, फल और पक्षी आदि दिखाई देने की बात कही। जब अर्जुन से पूछा गया तो उन्होंने कहा कि उन्हें केवल पक्षी की आंख दिखाई दे रही है और उसकी आंख में मसूर का दाना दिखाई दे रहा है। मुनिश्री ने कहा कि लक्ष्य के प्रति ऐसी ही एकाग्रता सफलता के लिए आवश्यक है। दृढ़ निश्चय का उदाहरण देते हुए उन्होंने कर्नाटक स्थित गोम्मटेश्वर भगवान बाहुबली की प्रतिमा से जुड़ा प्रसंग सुनाया। उन्होंने बताया कि प्रतिमा का निर्माण कर रहे कारीगर की मां छह माह तक उसे बिना नमक का भोजन कराती रहीं। जब प्रतिमा का निर्माण पूर्ण हुआ तो कारीगर ने भोजन में नमक नहीं होने की शिकायत अपनी मां से की। मां ने कहा कि बेटा, मैं छह महीने से भोजन में नमक नहीं दे रही हूं, आज तुम्हें इसकी याद आई। मुनिश्री ने कहा कि जब व्यक्ति अपने लक्ष्य में पूरी तरह तल्लीन हो जाता है तो अन्य बातें उसके लिए गौण हो जाती हैं। लक्ष्य पर विश्वास के महत्व को समझाते हुए उन्होंने जैन दर्शन में वर्णित अंजन चोर की कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि आकाशगामिनी विद्या की सिद्धि के लिए सेठ द्वारा दिए गए णमोकार मंत्र को अंजन चोर भूल गया। उसने विश्वासपूर्वक ₹आणम ताणम और कछु नहीं जानम, सेठ वचन परमाणह का जाप किया।

कन्या कॉलेज में ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू



हरिभूमि न्यूज ⏭ चाचौड़ा

शासकीय कन्या महाविद्यालय चाचौड़ा में स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन योजना के अंतर्गत अल्पावधि रोजगारोन्मुखी ब्यूटीशियन प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में प्राचार्या रानी शाक्य के मार्गदर्शन एवं स्वामी विवेकानंद करियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के प्रभारी संदीप कुमार के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण कार्यक्रम 1 से 30 अक्टूबर तक चलेगा। प्रशिक्षणकर्ता पूर्ति व्यास द्वारा छात्राओं को ब्यूटीशियन से संबंधित व्यावहारिक एवं रोजगारोन्मुखी प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण का उद्देश्य छात्राओं को कौशल प्रदान कर उन्हें रोजगार एवं स्वरोजगार के नए अवसरों से जोड़ना है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को ब्यूटीशियन कार्य से जुड़ी विभिन्न व्यावहारिक जानकारियां एवं तकनीकें सिखाई जाएंगी, ताकि प्रशिक्षण पूर्ण करने के बाद वे स्वयं का रोजगार शुरू करने के साथ-साथ इस क्षेत्र में रोजगार के अवसर तलाश सकें। इस अवसर पर प्राचार्या रानी शाक्य, नीलू मांझी, डॉ. गोरेलाल बिसोरिया, विनोद कुमार छारी एवं प्रकोष्ठ प्रभारी संदीप कुमार उपस्थित रहे।

प्रेरणादायी पहल: बुजुर्गों की मिनी मैराथन ने दिया फिटनेस का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



जीवन के साठ बसंत पार कर चुके वरिष्ठ नागरिकों ने जब सड़कों पर कदम से कदम मिलाकर दौड़ लगाई, तो हर कोई उनके जज्बे को सलाम करने पर मजबूर हो गया। उम्र थमेगी नहीं, कदम रुकेंगे नहीं थीम के तहत आयोजित मिनी मैराथन ने यह साबित कर दिया कि नियम से स्वस्थ जीवनशैली अपनाई जाए, तो बढ़ती उम्र कभी आड़े नहीं आती। इस आयोजन में 62 वर्ष से अधिक उम्र के वरिष्ठ नागरिकों, विशेषकर शासकीय पेंशनर संघ के सदस्यों ने उत्साह के साथ भाग लेकर युवाओं को फिटनेस का अनोखा संदेश दिया। मंगलभवन से शुरू हुई दौड़स्थानीय मंगलभवन में एकत्रित वरिष्ठों को एसडीएम अमित सोनी, एसडीओपी दीपा डुडवे और सीएमओ तेजसिंह यादव ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। अधिकारियों ने कहा कि ऐसे आयोजनों से समाज में बुजुर्गों के प्रति आदर बढ़ता है और वरिष्ठ नागरिकों का मानसिक व शारीरिक स्वास्थ्य बेहतर रहता है। जैसे ही मिनी मैराथन मंगलभवन से निकलकर शहर के मेन चौराहा, रामनगर रोड, स्टेट बैंक, सब्जी मंडी और कटरा मोहल्ला से गुजरी, पूरा शहर बुजुर्गों के स्वागत में उमड़ पड़ा। राष्ट्रवर्धन स्कूल, प्रखर पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों और फ्रेंड ग्रुप के सदस्यों ने धावकों पर जगह-जगह फूलों की बारिश की। बच्चों का यह उत्साह देखकर बुजुर्गों का हौसला और भी बढ़ गया।

सम्मान पाकर खिले चेहरे

दौड़ वापस मंगलभवन पहुंची, जहां आयोजित समापन कार्यक्रम में क्षेत्रीय विधायक जयवर्द्धन सिंह विशेष रूप से उपस्थित हुए। उन्होंने मैराथन पूरी करने वाले सभी वरिष्ठ नागरिकों को मेडल, प्रमाण पत्र और माला पहनाकर उनका अभिनंदन किया। विधायक ने कहा कि हमारे बुजुर्ग ही समाज की असली पूंजी हैं और उनका यह जीवंत रूप हर नागरिक को सक्रिय रहने की प्रेरणा देता है।

प्रेरणा सीएलएफ की वार्षिक आम सभा में लखपति दीदियों ने साझा की अपनी सफलता की कहानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़



जिला कार्यालय के आदेशानुसार 30 सितंबर को विकासखंड राघोगढ़ अंतर्गत प्रेरणा संकुल स्तरीय संगठन (सीएलएफ) की वार्षिक आम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जनपद पंचायत राघोगढ़ के मुख्य कार्यपालन अधिकारी गौरी शंकर राजपूत रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जनपद शिक्षा अधिकारी राजेंद्र सिंह चौहान एवं आईटीआई प्राचार्य सुश्री पल्लवी पाराशर उपस्थित रहीं। सीएलएफ अध्यक्ष पानबाई लोधा, सचिव रेखा अहिरवार एवं कोषाध्यक्ष मीना बाई भील सहित समस्त पदाधिकारियों ने अतिथियों का फूल-माला पहनाकर स्वागत किया।

आमसभा में सफलता की कहानियां साझा कीं

वार्षिक आम सभा के दौरान ग्राम संगठन एवं सीएलएफ से जुड़ी लखपति दीदियों ने अपनी सफलता की कहानियां साझा करते हुए बताया कि समूह से जुड़कर किस प्रकार उन्होंने अपनी आर्थिक स्थिति को मजबूत किया। सीएलएफ अध्यक्ष द्वारा संस्था का एक वर्ष का लेखा-जोखा सभा के समक्ष प्रस्तुत किया गया। लगातार बैठकों में अनुपस्थित रहने के कारण सर्वसम्मति से श्रीमती मोर बाई अहिरवार, पुरेना ग्राम संगठन, को नवीन सहसचिव मनोनीत किया गया। इस अवसर पर उनका फूल-माला पहनाकर स्वागत किया गया। कार्यक्रम में समूह में उत्कृष्ट कार्य करने वाली दीदियों, लखपति दीदियों, उद्यम सखी, लखपति सीआरपी तथा समूह से जुड़ी उन बेटियों को सम्मानित किया गया, जिन्होंने कक्षा 10वीं एवं 12वीं में उत्कृष्ट अंक प्राप्त किए हैं। अतिथियों द्वारा सभी प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के समापन अवसर पर सेवा संकल्प कार्यक्रम के तहत सभी अतिथियों एवं समूह की दीदियों ने स्वच्छता की शपथ ली। इस दौरान राघोगढ़ विकासखंड से सीएलएफ प्रभारी एवं विकासखंड प्रबंधक माखन सिंह कुशवाह, कंप्यूटर ऑपरेटर इंद्र सिंह यादव एवं कार्यालय भृत्य यशवंत सिंह गुर्जर सहित अन्य उपस्थित रहे।

कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला टास्क फोर्स नारकोटिक्स, सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



कलेक्टर साकेत मालवीय की अध्यक्षता में गुरुवार को जिला टास्क फोर्स समिति नारकोटिक्स,सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला टास्क फोर्स समिति अंतर्गत वन, पुलिस, जिला अभियोजन, खाद्य, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति, आबकारी विभाग की विस्तार से समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए।

बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए कि जिले में मादक पदार्थों की तस्करी की विशेष निगरानी की जाए। शासकीय एवं अशासकीय संस्थाओं द्वारा नशामुक्ति के कार्यक्रम आयोजित किये जाए। उन्होंने मेडिकल स्टोरो पर ड्रग्स इंस्पेक्टर द्वारा मेडिकल स्टोरो के लायसेंस की जांच एवं ऑडिट किया जाना सुनिश्चित करें। स्कूलों के आसपास गुमठियों पर बिकने वाले तंबाकू आदि के विक्रय पर रोक लगाने हेतु गुमठियों को हटवाया जाए। जिले में नशामुक्ति से संबंधित सकारात्मक गतिविधियों का आयोजन किया जाए। बैठक में जिला टॉस्क फोर्स समिति के तहत वन विभाग के अंतर्गत अतिक्रमणकारियों के विरुद्ध कार्यवाही, वन क्षेत्रों में अवैध कटाई, अतिक्रमण, परिवहन उत्खनन, शिकार के संबंध में की गई कार्यवाहियों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। भारतीय वन अधिनियम 1927 अंतर्गत धारा-4 के तहत अधिसूचना जारी किए जाने, वन व्यवस्थापन, परिवेश पोर्टल पर लंबित प्रकरणों की समीक्षा की गई। जिला अभियोजन के तहत जघन्य एवं सनसनीखेज अपराधों की समीक्षा, लोकायुक्त एवं एन.डी.पी.एस, पॉक्सो एक्ट, अभियोजन साक्ष्य, विचारण एवं निराकरण हेतु प्रकरण की समीक्षा की गई। पुलिस विभाग की समीक्षा के दौरान हेलमेट चेकिंग अभियान सतत रूप से चलाये जाने के निर्देश दिए। सड़क दुर्घटनाओं से बचाव हेतु ब्लॉक स्पॉट तथा दुर्घटनाग्रस्त स्थान को चिन्हित किए जाने तथा रिफ्लेक्टर टैप ट्रालियों में लगाई जाने हेतु निर्देशित किया गया। अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम अंतर्गत राहत प्रकरणों की समीक्षा कर आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में खनिज, आबकारी, पंजीयन, खाद्य एवं सुरक्षा विभाग के कार्यो की समीक्षा की गई।

पुलिस ने 2 आरोपियों के पास से चुराई गईं 3 बाइक बरामद कीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



थाना देहात क्षेत्र से चोरी गई मोटरसाइकिल की घटना का लगभग 10 घंटे के भीतर खुलासा कर मुख्य आरोपी को गिरफ्तार किया गया। आरोपी की निशानदेही एवं पूछताछ के आधार पर अन्य थाना क्षेत्रों से चोरी की गई कुल तीन मोटरसाइकिलें बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया।

अंकित जैन की मोटरसाइकिल चोरी होने के बाद पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए 30.09.2026 को मुखबिर सूचना के आधार पर चोरी की मोटरसाइकिल के आरोपी फैजान उर्फ सलमान पिता आजाद खान, उम्र 26 वर्ष, निवासी करैया हाट, थाना दीपनाखेड़ा, जिला विदिशा को बस स्टैण्ड स्थित जाट होटल के पास से गिरफ्तार किया गया। आरोपी के कब्जे से फरियादी की चोरी गई हीरो स्प्लेंडर मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 67 एमई 8706 बरामद की गई। पूछताछ के दौरान आरोपी द्वारा अन्य चोरी की घटनाओं के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। आरोपी की निशानदेही पर ईसागढ़ से चोरी की गई हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 67 एमएफ 7164 तथा शाढ़ौरा से चोरी की गई हीरो एचएफ डीलक्स मोटरसाइकिल क्रमांक एमपी 67 एमसी 9715 बरामद की गई। विवेचना के दौरान आरोपी द्वारा ईसागढ़ से चोरी की गई मोटरसाइकिल को मनोज पिता मुन्नालाल विश्वकर्मा, उम्र 39 वर्ष, निवासी गंज बासौदा, जिला विदिशा को बेचे जाने की जानकारी सामने आने पर पुलिस द्वारा आरोपी मनोज को भी गिरफ्तार किया गया।

सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत टेकरी सरकार शाढ़ोरा में श्रमदान, पौधारोपण एवं सेवादारों का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद, विकासखंड अशोकनगर के सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत नगर विकास प्रस्फुटन समिति शाढौरा व नवांकुर संस्था जय मां करीला देवी जन शिक्षा सेवा समिति म्यांपुर द्वारा टेकरी पर श्रमदान कर स्वच्छता अभियान एवं पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

समिति के सदस्यों ने सामूहिक रूप से श्रमदान करते हुए मन्दिर की साफ-सफाई की तथा पर्यावरण बचाने का संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान "एक पेड़ माँ के नाम" अभियान के अंतर्गत एक पौधा जामुन लगाया गया। पौधों की सुरक्षा एवं संरक्षण का संकल्प भी लिया गया। इस अवसर पर जिला समन्वयक बद्री प्रसाद चैहान, विकासखंड समन्वयक मनोज यादव ने सेवा संकल्प अभियान के उद्देश्य एवं महत्व के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि जनभागीदारी के माध्यम से स्वच्छता,पर्यावरण संरक्षण और सामाजिक सरोकारों से जुड़े कार्यों को निरंतर आगे बढ़ाना ही अभियान का प्रमुख उद्देश्य है।कार्यक्रम के अंत में मंदिर के सेवादारों को सम्मानित किया गया।

मुंगावली में निकलेगी श्री जी की भव्य शोभायात्रा

मुंगावली। सकल दिगंबर जैन समाज द्वारा देवाधिदेव अतिशयकारी श्री 1008 शीतलनाथ जी मंदिर के विमानोत्सव की भव्य शोभायात्रा का आयोजन 2 अक्टूबर शुक्रवार को अहिंसा दिवस के अवसर पर किया जाएगा। यह शोभा यात्रा दोपहर 12 बजे से पुराने बाजार से शुरू होगी जो नया बाजार बस स्टैंड होते हुए नगर परिषद ग्राउंड पर पहुंचेगी जहां पर इंद्रो द्वारा श्री जी का अभिषेक,शांति धारा की जाएगी एवं श्रुत धाम बीना से आए ब्रह्मचारी भैया संदीप सरल के प्रवचन होंगे। समस्त कार्यक्रम बाल ब्रह्मचारी मोनू भैया एवं अमन शास्त्री के निर्देशन मे होंगे इस अवसर पर धार्मिक आयोजन के साथ रात्रि में सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। विमानोत्सव समिति के अध्यक्ष सुरेंद्र जैन राजू भैया एवं सांस्कृतिक समिति के अध्यक्ष रुपेश जैन एवं देवेंद्र सराफ,वाद्य यंत्र समिति के अध्यक्ष अनिल सराफ लालू ने बताया कि कार्यक्रम पुराना बाजार मुंगावली में रात्रि 8.30 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम में दिल्ली के सत्येन्द्र शर्मा एंड पार्टी कंठस्थ कला केंद्र द्वारा 'स्वार्थ का संसार' हास्य एवं सामाजिक प्रेरणाप्रद नाटक तथा 'सती चेलना' सांस्कृतिक नाटक का मंचन किया जाएगा। आयोजन में विशेष आकर्षण के रूप में इंदौर से आए बैंड की प्रस्तुति, सागर की शंकर खाँ शहनाई पार्टी द्वारा चांचड़ प्रदर्शन तथा देवारी की धमाल ढोल पार्टी द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

सेवानिवृत्ति पर सउनि उदयभान सिंह को पुलिस ने दी भावभीनी विदाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

पुलिस विभाग में लगभग तीन दशक की समर्पित एवं कर्तव्यनिष्ठ सेवा पूर्ण करने वाले सहायक उप निरीक्षक उदयभान सिंह चौहान के सेवानिवृत्ति अवसर पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय अशोकनगर के कॉन्फ्रेंस हॉल में पुलिस अधीक्षक राजीव कुमार मिश्रा द्वारा भावभीनी विदाई दी गई एवं सम्मान समारोह आयोजित किया गया।

वरिष्ठ अधिकारियों एवं सहकर्मियों के प्रति व्यक्त किया आभार -सेवानिवृत्ति समारोह में सउनि उदयभान सिंह चौहान ने अपने दीर्घ सेवाकाल के अनुभवों को साझा करते हुए पुलिस विभाग में कार्य के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों से प्राप्त मार्गदर्शन, सहयोग एवं सहकर्मियों के आत्मीय सहयोग के प्रति कृतज्ञता व्यक्त की। समारोह में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अंतर सिंह कनेश, डीएसपी हेडक्वार्टर ओम प्रकाश मिश्रा, स्टेनो सचिन शर्मा, पीआरओ निरीक्षक मनीष सिंह चौहान, रक्षित निरीक्षक अविनाश सिंह, थाना प्रभारी कोतवाली रवि प्रताप सिंह चौहान, महिला थाना प्रभारी निरीक्षक रितु चौहान, डीएसबी शाखा प्रभारी रेनू रावत, साइबर सेल में पदस्थ उप निरीक्षक संजय गुप्ता, उनि0 राजेश कन्नौजिया सहित पुलिस अधीक्षक कार्यालय, विभिन्न थाना एवं पुलिस लाइन के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

सहेली महिला मंडल ने पितृपक्ष में रघुनाथ मंदिर में किया सुन्दरकाण्ड



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

सहेली महिला मंडल ने पितृपक्ष माह में सुंदरकांड रघुनाथ मंदिर पर किया। समाज में आध्यात्मिक प्रचार-प्रसार और ईश्वरीय शक्ति से जोड़ना ही संस्था का उद्देश्य है ताकि आज की पीढ़ी जो पाश्चात्य संस्कृति की ओर जा रही है उसे पुनः भारतीय संस्कृति से जोड़ा जाए। संस्था की अध्यक्ष नैना शर्मा ने बताया कि बच्चों का जन्मदिन, शादी की सालगिरह,गृह प्रवेश आदि शुभ कार्यों को ईश्वरीय कार्य जैसे सुंदरकांड का पाठ या रामचरितमानस का पाठ अथवा पेड़ लगाकर शुभ कार्य का आरंभ करें जिससे आने वाली पीढ़ी को एक पेड़ और अच्छे संस्कार दे सकें। सपना नायक ने बताया कि अभी 15 दिन अपने घर के पितरों के दिन चल रहे है इन दिनों मे हमें धार्मिक आयोजन करना चाहिए। अपने पितरों के नाम से गौशाला में जाकर गौ माता क़ो चारा खिलाना चाहिए जिससे पितरों को शांति मिले और अपनी आने वाली पीढ़ी भी संस्कारों को आगे चलाती रहे।

जिला स्तरीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासकीय विधि महाविद्यालय में जिला स्तरीय टेबल टेनिस पुरुष/महिला प्रतियोगिता 2026 का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में अशोकनगर जिले के समस्त महाविद्यालय की पुरुष/महिला टेबल टेनिस टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में प्रथम स्थान शासकीय नेहरू महाविद्यालय अशोकनगर ने प्राप्त किया एवं द्वितीय स्थान शासकीय विधि महाविद्यालय ने प्राप्त किया। महिला वर्ग में शासकीय नेहरू महाविद्यालय ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। वहीं शासकीय महाविद्यालय पिपरई ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। उपरोक्त प्रतियोगिता के विजेता आगामी संभागीय स्तरीय टेबल टेनिस महिला पुरुष प्रतियोगिता 2026 में अशोकनगर जिले की प्रतिनिधित्व करेंगे। प्रतियोगिता में शासकीय विधि महाविद्यालय की प्रभारी प्राचार्य, सभी शिक्षक गण एवं कर्मचारी गण उपस्थित रहे। सभी ने विजेता खिलाडियों को बधाई दी।

स्वयं को साक्षर करने के संकल्प के साथ जिला जेल में मनाया अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के अवसर पर जिला शिक्षा केंद्र एवं आनंद विभाग जिला अशोकनगर की टीम ने जिला जेल अशोकनगर में पहुंचकर वृद्धजनों का सम्मान किया। साथ ही स्वयं को साक्षर करने का संकल्प भी वृद्धजनों ने लिया। राज्य आनंद संस्थान द्वारा प्रत्येक माह में एक अंतर्राष्ट्रीय दिवस मनाया जाता है। जिसके क्रम में जिला जेल में चिन्हित वृद्धजन असाक्षरों के साथ अन्य असाक्षरों कैदियों को साक्षर करने जिला शिक्षा केंद्र के अंतर्गत उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत वृद्धजन दिवस पर वृद्धो से संवाद किया।

खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कईं मामले दर्ज किए गये हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम दियाधरी निवासी रचना साहू ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अंकित साहू ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम खैराई निवासी लल्लू धानक ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी रामबली यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के बहादुरपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम रमपुरा पिपरिया निवासी सरबजीत सिंह सिक्ख ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी गुर्जेन्ट और गुरूपेज सिंह ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

मकान के सेप्टिक टैंक में डूबने से 4 वर्षीय बालक की मौत

अशोकनगर। जिले के ईसागढ़ थाने के अंतर्गत बहेरिया निवासी रोशन पुत्र धनवीर लोधी उम्र 40 साल जब निर्माणाधीन मकान के सेप्टिक टैंक के पास था तभी वह पानी में गिर गया। जिससे डूबने से मौत हो गई, पुलिस ने मर्ग का मामला दर्ज किया है।

अवैध शराब के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले में अवैध शराब के कईं मामले दर्ज किए गए हैं। कोतवाली पुलिस ने यादव कॉलोनी निवासी शिवचरण आदिवासी के पास से 10 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की है। इसी प्रकार जेल के पीछे निवासी अशोक अहिरवार के पास से 4 लीटर और सोनू प्रजापति के पास से भी 4 लीटर हाथ भटटी की कच्ची शराब बरामद की है तथा त्रिलोकपुरी कॉलोनी निवासी जोधाराम लोधी के पास से 5 लीटर हाथभटटी की कच्ची शराब बरामद की गई है।

छेड़छाड़ करने वाले आरोपी को 2 वर्ष का सश्रम कारावास

अशोकनगर। विशेष न्यायालय (पॉक्सो एक्ट) जिला अशोकनगर द्वारा 1 अक्टूबर को निर्णय पारित करते हुये नाबालिग बालिकाओं का पीछा कर छेड़छाड़ करने वाले आरोपी राकेश पुत्र पर्वतसिंह अहिरवार को 02 वर्ष के सश्रम कारावास एवं कुल 3000 रूपये के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया। प्रकरण में शासन की ओर से अभियोजन संचालन सहायक निदेशक अभियोजन संजीव श्रीवास्तव के निर्देशन में विशेष लोक अभियोजक यशपाल सिंह यादव द्वारा किया गया। मीडिया सेल प्रभारी जिला अभियोजन संवालनालय द्वारा बताया गया कि अभियोजन मामता संक्षेप में इस प्रकार है कि धाना आकर पीड़ति ने एक लेखीय आवेदन प्रस्तुत कर यह बताया कि 17/03/2025 को दोपहर करीबन 03 बजे की बात है वह तथा उसकी छोटी बहन प्रतिदिन की तरह पास के नल पर पानी भरने जा रहे थे। जैसे ही वे दोनों बहने रास्ते में सुनसान जगह पर पहुंचे तो आरोपी राकेश अहिरवार पुत्र परवत सिंह अहिरवार ने रास्ते में उससे छेड़ छाड़ की। वह और उसकी बहन जब चिल्लाये तो आरोपी ने उन्हें धमकी दी कि यदि उसने किसी को भी घटना के संबंध में बताया तो दोनों बहनों को जान से खत्म कर देगा। इससे पूर्व भी आरोपी द्वारा 15/03/2025 के दिन करीबन 12 बजे जब वह पानी भरने जा रही थी तब भी उसका पीछा कर रहा था और फिर दिनांक 22/03/2025 को शाम करीबन 04 बजे वह व उसकी बहन दोनों पास के नल पर पानी भरने जा रहे थे तो दोनों को राकेश अहिरवार फिर से उसी सुनसान जगह पर उनका पीछा करते करते आपा और उनका रास्ता रोककर बुरी नियत से उसे सामने से पकड लिया। जब वह तथा उसकी बहन चिल्लाये तो राकेश अहिरवार वहां से भाग गया। शाम को जब उसके मम्मी पापा मजदूरी करके वापस आ गये थे तो उन्होंने उन्हें उनके साथ हुई घटना के संबंध में बताया। पीडित्ता के आवेदन पर से आरोपी के विरूद्ध विभिन्न धाराओं में मामला दर्ज किया गया था। उक्त मामले की सुनवाई करते हुए न्यायालय द्वारा यह सजा सुनाई गई है।

जिले के कई तालाब खाली, आने वाले दिनों में बढ़ सकती है मुसीबत

अशोकनगर और ईसागढ में वर्षा की कमी से सूखे की आशंका!

अशोकनगर की जनता को अमाही के तालाब से पीने के लिए पानी मिले

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जिले से मानसून की विदाई लगभग तय मानी जा रही है, इस बार जिले के अशोकनगर और ईसागढ़ विकासखण्ड में पानी की कमी से सूखे की स्थिति निर्मित हो गई है। यह दोनों ही विकासखण्ड गत वर्ष के बराबर वर्षा तो दूर औषत आंकडे भी पार नहीं कर पाए हैं। अशोकनगर में 69 और ईसागढ में 71 प्रतिशत ही बारिस हुई है जिसके कारण इन दोनों विकासखण्डों में सूखे की स्थिति है। जिले के कईं तालाब पानी की कमी से जूझ रहे हैं। अशोकनगर के अमाही तालाब में 23 फिट की जगह साढ़े उन्नीस फिट पानी आने से खेती की सिंचाई पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग की गई है ताकि अशोकनगर शहर को जल संकट का सामना न करना पड़े।

अशोकनगर जिले में वर्षा की यह स्थिति निर्मित होगी किसी ने यह सोचा भी नहीं था, जून से लेकर सितंबर तक जो वर्षा काल की अवधि के पीक महीने होते हैं इन महीनों में बारिस तो हुई लेकिन रिमझिम बारिस हुई और खण्ड खण्ड बर्षा होती रही, जिसके कारण जलाशयों में पानी पर्याप्त मात्रा में नहीं आया। जिले के चंदेरी और मुंगावली विकासखण्डों में वर्षा की अलग स्थिति रही, जबकि अशोकनगर और ईसागढ में वर्षा की स्थिति बेहद कमजोर रही, जिसका असर आने वाले दिनों में पड़ने की संभावनाएं जताई जा रही हैं। जिससे रवि की फसल को लेकर सिंचाई के लिए किसानो को जल स्त्रोतों में पानी की कमी का सामना करना पड़ेगा।

जिले में औसत वर्षा का आकंड़ा 779.50 प्रतिशत पर थमा

अशोकनगर में वर्षा इस बार 592 मिलीमीटर हुई है जबकि गत वर्षा 1143 मिलीमीटर आज दिनांक तक वर्षा हुई थी, जो कुल वर्षा का 69.65 प्रतिशत है। यहां औसत वर्षा के रूप में 850 मिलीमीटर वर्षा की जरूरत होती है। इसी प्रकार ईसागढ़ में 630 मिलीमीटर वर्षा हुई है जो कुल वर्षा का 71.75 प्रतिशत है, जो गतवर्ष से 829 मिलीमीटर कम है, यहां औसत वर्षा 878 मिलीमीटर की जरूरत होती है, यह आंकड़ा भी इस बार पूरा नहीं हो पाया है। चंदेरी की बात करें तो चंदेरी में अब तक 956 मिलीमीटर वारिस हुई है जो 95.60 प्रतिशत है, यहां 1000 मिलीमीटर पर्याप्त वर्षा मानी जाती है जो औषत वर्षा के आंकड़े के नजदीक है। मुंगावली में इस बर्ष अभी तक 940 मिलीमीटर वर्षा हुई यहां 800 मिलीमीटर पर्याप्त वर्षा मानी जाती है जो कुल वर्षा का 117.50 प्रतिशत है, जिले के चारों विकासखण्डों को मिलाकर जिले में औसत वर्षा के रूप में 779,50 मिलीमीटर वर्षा हुई है। यहां 88.38 प्रतिशत वर्षा का कुल आंकड़ा सामने आया है।

कलेक्टर से मांग की है कि अमाही तालाब से नहर न खोली जाए

नगरपालिका अध्यक्ष नीरज मनोरिया ने बताया कि अमाही तालाब में साढ़े उन्नीस फिट पानी आया है इस तालाब की क्षमता 23 फिट है, यानी साढ़े तीन फिट पानी कम आया है। यह जल संसाधन विभाग का तालाब है इस तालाब से सिंचाई भी होती है और फरवरी के महीने में जब तालाब का जल स्तर 16 फिट रह जाता है तब पीने के लिए पानी बचाकर रखा जाता है और खेती की सिंचाई पर प्रतिबंध लगा दिया जाता है लेकिन इस बार स्थिति पिछले वर्ष से अलग है, अगर खेती को पानी दिया गया और नहर खोली गई तो पीने के पानी का संकट पैदा होने की संभावनाएं तय हैं। इस संबंध में नपा अध्यक्ष ने कहा कि उनके द्वारा कलेक्टर और जल संसाधन के अधिकारियों से चर्चा की गई है और खेती के लिए नहर खोलने पर प्रतिबंध लगाए जाने की मांग की गई है। उन्होंने कहा कि अशोकनगर शहर के लिए राजघाट डेम से पानी लाने की योजना पर बड़ा काम किया जा रहा है और हमारा प्रयास है कि यहां के नागरिकों को राजघाट बांध से पानी उपलब्ध हो सके।

13 तालाब ही 100 प्रतिशत पानी से लबालब हुए

जल संसाधन विभाग के आंकड़ो के अनुसार अशोकनगर जिले में दो मध्यम और 31 लघु तालाब हैं जिनमें 100 प्रतिशत पानी 13 तालाबों मे आया है 90 से 99 प्रतिशत पानी 2 तालाबों में आया है और 75 से 90 प्रतिशत पानी एक भी तालाब में नहीं आया। 50 से 75 प्रतिशत पानी 4 तालाबों में आया है, 25 से 50 प्रतिशत पानी 8 तालाबों में आया है और 10 प्रतिशत से 25 प्रतिशत तक पानी 2 तालाबों में आया है जबकि 10 प्रतिशत से कम पानी के दो तालाब है।

ग्राम करमाई में 0.878 हे. का आवेदक को दिलाया कब्जा



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर।

कलेक्टर साकेत मालवीय के निर्देशन में आवेदक कोमल पुत्र कन्ना जाति आदिवासी निवासी ग्राम खमखेडी तहसील ईसागढ़ जिला अशोकनगर के द्वारा प्रस्तुत आवेदन भूमि स्थित ग्राम करमाई सर्वे क्रमांक 301 रकवा 0.742 हे0, 303 रकवा 0.428 हे0, 314 रकवा 0.878 हे० कुल रकवा 2.048 हेक्टयर पर अनावेदकगण बलवंतसिंह पुत्र घूमनसिंह यादव, श्रीराम पुत्र बलवंतसिंह यादव, मनीष पुत्र बलवंतसिह यादव, ब्रजभान पुत्र काशीराम यादव, जगराम पुत्र काशीराम यादव द्वारा 15 वर्षों से आवेदक की भूमि पर अवैध कब्जा किये जाने का आवेदन न्यायालय मे प्रस्तुत किया। उक्त आवेदन के पालन मे प्रकरण दर्ज कर न्यायालयीन प्र०क०0003/अ-70/2026-27 आदेश 25.08.2026 से अनावेदकगण को भूमि से बेदखल किये जाने का आदेश पारित किया गया।उक्त आदेश के तारतम्य में 1 अक्टूबर को ग्राम करमाई में तहसीलदार शाढौरा, राजस्व निरीक्षक हरीश कलावत पटवारी लोकेन्द्र शर्मा, पटवारी गोविंद रघुवंशी, पटवारी निर्मल रघुवंशी पटवारी श्री मंयक अहिरवार, ग्राम कोटवार एवं पुलिस बल के साथ ग्रामीणो के समक्ष मौका पर उपस्थित होकर आवेदक कोमल पुत्र कन्ना जाति आदिवासी निवासी ग्राम खमखेडी तहसील ईसागढ जिला अशोकनगर की भूमि से अनावेदकगणों बलवंतसिंह पुत्र घूमनसिंह यादव, श्रीराम पुत्र बलवंतसिह यादव मनीष पुत्र बलवंतसिह यादव ब्रजभान पुत्र काशीराम यादव, जगराम पुत्र काशीराम यादव द्वारा 15 वर्षों से किया गया वेजा कब्जा मक्के की खडी फसल सहित कुल रकवा 0.878 हे० का आवेदक को कब्जा दिलाया गया।

निर्वाचक नामावली में 10 अक्टूबर 2026 तक विशेष अभियान चलाकर मतदाताओं के नाम

अशोकनगर। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मध्यप्रदेश भोपाल द्वारा गुरूवार को वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से निर्देश दिये गये है कि 18-19 आयु वर्ग तथा जो 01 जनवरी 2027 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले व्यक्तियों के नाम निर्वाचक नामावली में सम्मिलित करने के लिए 10 अक्टूबर 2026 तक विशेष अभियान चलाकर कार्यवाही करने के निर्देश दिये हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी मप्र भोपाल द्वारा दिये गये निर्देशों के पालन में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी साकेत मालवीय द्वारा जिले के निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को पालन करने हेतु निर्देशित किया गया है।

चंदेरी पुलिस द्वारा यातायात जागरूकता माह के तहत छात्रों को दिए गए सुरक्षा के मंत्र



हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी।

गुरूवार को नगर के चन्द्रभान सिंह पब्लिक स्कूल में यातायात जागरूकता माह के तहत एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को यातायात नियमों के पालन के प्रति जागरूक करना और सुरक्षित यातायात की आदतें विकसित करना था। कार्यक्रम में एस आई जोगिंदर यादव ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सड़क सुरक्षा केवल नियम नहीं, बल्कि जीवन की सुरक्षा की पहली शर्त है। उन्होंने छात्रों को बताया कि तेज गति से वाहन चलाना, बिना हेलमेट या सीट बेल्ट के ड्राइव करना और लाल बत्ती पार करना जीवन को जोखिम में डालने जैसा है। उन्होंने लाल बत्ती पर रुके, हरी बत्ती पर चलें और पीली बत्ती पर तैयार रहें का संदेश देते हुए कहा कि छोटे-छोटे नियम बड़े हादसों से बचा सकते हैं। साथ ही छात्रों को सड़क सुरक्षा के व्यावहारिक नियमों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बस या ट्रेन से उतरते समय पीछे मुंह न करें, सड़क पार करते समय सावधानी बरतें, साइकिल हमेशा बाईं ओर।

चंदेरी का यूनेस्को की अस्थाई सूची में 2014 से नाम अभी तक स्थाई सूची में दर्ज नहीं

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंदेरी।



चंदेरी के बारे में हमेशा बड़ी बड़ी बातें की जाती हैं, लुभावने सपने दिखाए जाते हैं लेकिन यह दुर्भाग्य है कि यूनेस्को की सूची में चंदेरी का नाम दर्ज नहीं हो पाया है। इंतजार को लेकर साल दर साल बीत रहे हैं, लेकिन चंदेरी अपने गौरव को लेकर आज भी उस सूची में शामिल नहीं हो पाई है जो चंदेरी को विश्व स्तर पर पहचान दिलाने वाली है।

यूनेस्को के द्वारा 15 अप्रैल 2014 में विश्व धरोहरों की सांस्कृतिक श्रेणी में भारत के प्रतिष्ठित साड़ी बुनाई केंद्र यानी आईकॉनिक साडी वीविंग क्लस्टर ऑफ इंडिया की लिस्ट में चंदेरी साड़ी के बुनकरों की महीन कारीगरी के लिए यूनेस्को की अस्थाई सूची में शामिल किया गया था, परंतु 12 वर्ष व्यतीत हो जाने के पश्चात भी चंदेरी को यूनेस्को की स्थाई सूची में स्थान नहीं मिल पाया है, जो कि बेहद चिंता का विषय है। यूनेस्को की स्थाई सूची में चंदेरी का नाम दर्ज न हो पाने से चंदेरी साड़ी को, यहां की विरासत एवं चंदेरी के पर्यटन को विश्व व्यापी पहचान नहीं मिल पा रही है, जिसका दर्जा पाने का हक चंदेरी रखती है, परंतु मध्य प्रदेश शासन, पर्यटन विभाग एवं स्थानीय प्रशासन एवं जिला प्रशासन के द्वारा इतने वर्षों में कोई कारगर कदम नहीं उठाए गए जिस कारण चंदेरी का नाम स्थाई सूची में दर्ज नहीं हो पा रहा है। यूनेस्को द्वारा वर्ष 2012 से लेकर 2014 तक, की गई कार्रवाई के फल स्वरुप भारत के आईकॉनिक साडी वीविंग क्लस्टर, मे यूनेस्को के नियम तीन व चार के तहत सांस्कृतिक श्रेणी में चंदेरी को शामिल कर इसे अपनी आधिकारिक वेबसाइट पर अधिसूचना क्रमांक 5890 के तहत 15 अप्रैल 2014 को आधिकारिक रूप से घोषित किया गया था। इसके पश्चात आज दिनांक तक इसे स्थाई सूची में दर्ज किए जाने की प्रक्रिया यूनेस्को के द्वारा एवं मध्य प्रदेश राज्य शासन ने नहीं की है, जिस कारण चंदेरी को जो दर्जा विश्व व्यापी पहचान के रूप में मिलना चाहिए था वह आज तक नहीं मिल पा रहा है।

आज रन्नौद से लाई गई मूर्ति

बालाजी मंदिर में पुनः होगी श्री बालाजी महाराज की मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई

नगर के श्री रामलीला मैदान स्थित श्री बालाजी मंदिर पिपरई वासियों की आस्था और श्रद्धा का एक प्राचीन केंद्र रहा है। अब इसी मंदिर में श्री बालाजी महाराज की मूर्ति पुनः स्थापित की जा रही है। मूर्ति की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर नगर में धार्मिक उत्साह का माहौल बनने लगा है। मंदिर समिति एवं नगरवासियों द्वारा आयोजन की तैयारियां की जा रही हैं और इसमें सभी वर्गों से सहयोग की अपील की जा रही है।

आयोजन से जुड़े लोग ओर बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं में काफी जोश देखा गया। पिपरई से श्रद्धालु रन्नौद पहुंचकर श्री बालाजी सरकार की उसी स्वरूप की नई मूर्ति लेकर आएं हैं। जिसके बाद मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत होगी। श्रद्धालुओं का मानना है कि यह अवसर पिपरई के लिए विशेष धार्मिक महत्व रखता है और लंबे समय से लोगों की आस्था से जुड़े श्री बालाजी मंदिर में फिर से भव्य धार्मिक वातावरण देखने को मिलेना प्रारंभ हो गया।संत श्री सीताराम दास जी गुरूजी ने बताया कि आज श्री बालाजी सरकार की मूर्ति आ चुकी है। 12 अक्टूबर से 16 अक्टूबर 2026 तक पंचदिवसीय श्री राममहायज्ञ समारोह एवं श्री श्री 1008 श्री बालाजी महाराज प्राण-प्रतिष्ठा समारोह का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में यज्ञ, हवन, पूजन,कलश यात्रा, मंडप पूजन, महाभिषेक, अधिवास, है प्राण-प्रतिष्ठा तथा पूर्णाहुति सहित विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान संपन्न होंगे। आयोजन स्थल श्री बालाजी मंदिर, रामलीला मैदान, अशोकनगर रोड, पिपरई रहेगा। आयोजन के दौरान संगीतमय श्री राम कथा का भी आयोजन किया जाएगा। कथा का समय प्रतिदिन शाम 7 बजे से प्रभु इच्छा तक निर्धारित किया गया है।

सेवा संकल्प अभियान की समीक्षा बैठक में प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर कलेक्टर द्वारा निर्देश जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

शासन के निर्देशानुसार जिले 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर 2026 में ''सेवा संकल्प अभियान संचालित किया जा रहा है। अभियान के तहत निर्धारित गतिविधियां एवं कार्यक्रमों का जिले में प्रभावी रूप में क्रियान्वयन किया जाए। इस आशय के निर्देश कलेक्टर साकेत मालवीय ने गुरूवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले में किए जा रहे कार्यों एवं अभियान के क्रियान्वयन की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिए। बैठक में कलेक्टर मालवीय ने संबंधित अधिकारियों से अभियान के अंतर्गत अब तक की गई गतिविधियों, विभिन्न विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने 02 अक्टूबर को स्वच्छता तथा प्लॉस्टिक मुक्त अभियान चलाये जाने तथा संकल्प का वाचन कराये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए।

माधवराव सिंधिया की 25वीं पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली।



कैलाशवासी माधवराव सिंधिया की 25वीं पुण्यतिथि के अवसर पर मुंगावली में विभिन्न सेवा गतिविधियों का आयोजन किया गया। इसी क्रम में भाजपा मंडल महामंत्री रामबाबू दुबे के नेतृत्व में सिविल अस्पताल, मुंगावली में विशाल रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए रक्तदान किया। शिविर के दौरान रक्तदाताओं ने स्वेच्छा से 12 यूनिट रक्तदान कर जरूरतमंद मरीजों के लिए रक्त उपलब्ध कराने में अपना योगदान दिया। इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने माधवराव सिंधिया के सार्वजनिक जीवन और उनके द्वारा किए गए कार्यों को याद करते हुए उनके सेवा भाव से प्रेरणा लेने की बात कही।

नगर गौरव ब्रह्मचारी अमन भैया की निकाली गई बिनौली यात्रा

जैन विमानोत्सव में 100 साल बाद नए रथ पर नगर भ्रमण को निकलेंगे श्रीजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगावली।



100 साल बाद नगर में नए रथ पर श्रीजी नगर भ्रमण को निकलेंगे हर बर्ष की भांति इस बार भी जैन विमानोत्सव का आयोजन किया जा रहा है जिसमें इस बार नगर के शीतलनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के विमान जी निकाले जा रहे है जिसमें बीना से संदीप भैया सरल के मार्ग दर्शन में सारे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। सुबह श्रीजी को 100 साल बाद नए रथ पर विराजमान कर पुराना बाहर से श्रीजी की शोभायात्रा निकाली जाएगी। जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए नगर परिषद परिसर में पहुंचेगी जहां श्रीजी का अभिषेक,शांतिधारा की जाएगी और मुख्य पात्रों का चयन बोली के माध्यम से किया जाएगा। वही इसके अलावा इस बार विमानोसत्व में इंदौर से आए बैंड द्वारा की जाएगी वही सागर से शहनाई ओर चाचड की प्रस्तुति दी जाएगी। हर बर्ष की भांति इस बार नगर का वीर सेवा दल का दिव्य घोष भी अपनी सहभागिता करेगा, वही रात्रि में दिल्ली से आए कलाकारों द्वारा स्वार्थ का संसार ओर सती मेनो नाटक का मंचन किया जाएगा।

नगर गौरव ब्रह्मचारी अमन भैया की निकाली गई भव्य बिनौली यात्रा

जगत पूज्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री सुधा सागर जी महाराज के संघ में शामिल हुए ओर नगर का गौरव बने ब्रह्मचारी अमन भैया की भव्य बिनौली यात्रा निकाली गई जिसमें यह बिनौली यात्रा नगर के स्टेशन रोड स्थित श्रीचंद्र प्रभु जिनालय से निकाली गई जो नगर के प्रमुख मार्गो से होते हुए नगर के संत निवास पहुंची जहां गोद भराई की रस्म की गई,दोपहर में मेंहदी की रस्म का आयोजन किया गया।

आज का भारत, क्या गांधी जी के सपनों का भारत है? यह बहुत बड़ा प्रश्न है: मुनिश्री निरंजन सागर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



आज का भारत, क्या गांधी जी के सपनों का भारत है? यह बहुत बड़ा प्रश्न है। अहिंसा के मसीहा माने जाने वाले गांधी जी और उनका सैद्धान्तिक जीवन। यह बात आज न तो शासन समझ पा रहा है और न प्रशासन।

यह बात मुनि श्री निरंजन सागर जी महाराज ने कही। उन्होंने कहा कि बिना हथियार के आज़ादी दिलवाने वाले गाँधी जी के इस भारत में दूध को माँसाहारी क्यों कहा जा रहा है। राम,कृष्ण, महावीर के इस देश में जहाँ दूध की नदियाँ बहा करती थीं, वह पवित्र अमृतमय दूध जिसको एक सात्विक आहार आयुर्वेद में कहा जाता है, ऐसे पवित्र आहार को आज माँस क्यों कहा जा रहा है? और उसकी तुलना आज अण्डे से की जा रही है। जिस अण्डे में साक्षात माँस है जिसको भक्षण करने से मानसिकता विकृत हो जाती है। एक भूरण हत्या का पाप जिस अण्डे के सेवन से लगता है, ऐसा अण्डा आज शाकाहारी कहा जा रहा है। ऐसी दूषित मानसिकता के कारण ही हमारा देश आज नैतिक पतन की कगार पर पहुँच चुका है। उन्होंने कहा कि आप लोगों ने इतिहास पढ़ा है। इस इतिहास में आपको पढ़ने को मिला कि रामचन्द्र जी ने, श्री कृष्ण जी ने, पाण्डवों ने कष्ट सहा। यहाँ तक की महाराणा प्रताप ने भी जंगलों में रहकर घास की रोटी खाई। परन्तु अण्डा, माँस के सेवन का इतिहास कभी भी देखने में नहीं आया। यह सभी महा शक्तिशाली महापुरुष थे पर अपनी शक्ति को बढ़ाने के लिये किसी भी प्राणी का घात कर उसका माँस खाया हो या उसके भूरण जिसे अण्डा कहते हैं, इसका सेवन किया हो ऐसा इतिहास में नहीं है।

अण्डा जीव का भूरण है। इसके सेवन से भूरण हत्या का अपराध माना जाता है और सबसे बड़ी बात कि दूध से उसकी तुलना करना और तर्क देना कि जिस प्रकार अण्डा एनिमल प्रोडक्ट है, उसी प्रकार दूध भी एनिमल प्रोडक्ट है। पशु से उसका उत्पादन होना और पशु से पशु का उत्पादन होना यह दोनों अलग-अलग विषय हैं। गाँधी जी का जन्मदिन विश्व अहिंसा दिवस के रूप में सम्पूर्ण विश्व में मनाया जाता है।

निर्माण जारी होने से सुरक्षा पर उठे सवाल

अधूरा सीएम राइज भवन का न लोकार्पण न हैंडओवर फिर भी भवन में चल रही पढ़ाई

निर्माण की अवधि करीब 18 माह से दो वर्ष निर्धारित बताई गई थी, लेकिन तय अवधि निकलने के बाद भी भवन का काम पूरा नहीं हो सका

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



ब्लॉक के ग्राम मऊ में करीब 38 करोड़ रुपए की लागत से तैयार हो रहा सीएम राइज स्कूल भवन निर्धारित समय सीमा बीतने के बाद भी पूरी तरह तैयार नहीं हो पाया है। निर्माण शुरू हुए करीब चार साल हो चुके हैं, लेकिन सितंबर 2026 समाप्त होने के बाद भी भवन में निर्माण कार्य जारी है। इसके बावजूद विद्यार्थियों की कक्षाएं और स्कूल कार्यालय नए भवन में संचालित किए जा रहे हैं। खास बात यह है कि भवन का न तो औपचारिक लोकार्पण हुआ है और न ही विभाग को विधिवत हैंडओवर किया गया है।

वर्तमान में सांदीपनि शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, मऊ के लिए बनाए जा रहे सीएम राइज भवन का वर्चुअल भूमिपूजन 29 अक्टूबर 2022 को तत्कालीन मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने किया था। टेंडर प्रक्रिया के बाद पीआईयू की देखरेख में केजी गुप्ता कंस्ट्रक्शन, इंदौर द्वारा वर्ष 2023 में निर्माण शुरू किया गया। निर्माण की अवधि करीब 18 माह से दो वर्ष निर्धारित बताई गई थी, लेकिन तय अवधि निकलने के बाद भी भवन का काम पूरा नहीं हो सका।

निर्माण जारी, दूसरी ओर विद्यार्थियों की कक्षाएं

भवन के कुछ हिस्सों में अभी भी निर्माण कार्य चल रहा है, जबकि दूसरी ओर विद्यार्थियों को इसी परिसर में बैठाकर पढ़ाई कराई जा रही है। बताया गया कि पुराने भवन में विद्यार्थियों के बैठने के लिए पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण कक्षाएं नए भवन में शुरू की गई हैं। ऐसे में निर्माण सामग्री, मजदूरों की आवाजाही और विद्यार्थियों की आवाजाही एक ही परिसर में होने से सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल खड़े हो रहे हैं।

समय सीमा बीती जवाबदेही किसकी?

सबसे बड़ा सवाल यह है कि जब भवन की निर्धारित निर्माण अवधि पूरी हो चुकी है और भवन अभी तक विभाग को विधिवत हैंडओवर नहीं हुआ, तो उसमें विद्यार्थियों को बैठाने की अनुमति किस स्तर पर दी गई। क्या कक्षाएं शुरू करने से पहले भवन की सुरक्षा संबंधी सभी आवश्यक औपचारिकताएं पूरी की गईं? निर्माण कार्य के दौरान किसी विद्यार्थी के साथ दुर्घटना होने की स्थिति में जिम्मेदारी किसकी होगी? निर्माण में देरी के बावजूद संबंधित निर्माण एजेंसी के विरुद्ध अब तक क्या कार्रवाई की गई, यह भी स्पष्ट नहीं है। वहीं निर्माण कार्य की प्रगति, गुणवत्ता और अब तक किए गए भुगतान को लेकर भी स्थिति सामने आना बाकी है।

निरीक्षण में गुणवत्ता को लेकर भी उठे थे सवाल

निर्माण के दौरान भवन की गुणवत्ता को लेकर भी सवाल उठ चुके हैं। पूर्व में राज्य मंत्री स्वतंत्र प्रभार गौतम टेटवाल ने भवन का निरीक्षण किया था। इस दौरान पीआईयू अधिकारियों और निर्माण एजेंसी को गुणवत्ता बनाए रखने तथा समय सीमा में काम पूरा करने के निर्देश दिए गए थे। इसके बावजूद भवन का निर्माण अब तक पूरा नहीं हो सका है। अब मामला केवल भवन के निर्माण में देरी तक सीमित नहीं है। करीब 38 करोड़ रुपए की लागत वाले इस भवन में निर्माण की समय सीमा, गुणवत्ता, भुगतान, सुरक्षा व्यवस्था और बिना लोकार्पण एवं हैंडओवर के विद्यार्थियों को कक्षाओं में बैठाए जाने की प्रक्रिया पर भी सवाल उठ रहे हैं। शासन-प्रशासन और संबंधित निर्माण एजेंसी को स्पष्ट करना होगा कि निर्माण में देरी का कारण क्या है और अधूरे भवन में कक्षाएं शुरू करने की अनुमति किस आधार पर दी गई।

इनका कहना है...

पुराने भवन में पर्याप्त जगह नहीं होने के कारण विद्यार्थियों की कक्षाएं नए भवन में लगाने की व्यवस्था की गई है। भवन का औपचारिक हैंडओवर और लोकार्पण अभी नहीं हुआ है।

सुरेश वीरमाल, बीईओ सारंगपुर

वन अमले के पीछा कर पकड़ने की कोशिश में तस्कर 2 बाइक, 15 सिल्ली छोड़कर भागे

नगर में आखिर इतनी सागौन आ कहां से रही ?

हरिभूमि न्यूज ⏭ सुठालिया



नगर में अवैध लकड़ी कारखानों और रात्रि में हो रही सागौन तस्करी पर हरिभूमि की लगातार खबरों के बाद आखिर वन विभाग जागा। कल देर रात टीम ने काला जी के बाग में तस्करों का पीछा कर पकड़ने की कोशिश की, जहां से 2 मोटरसाइकिल और 15 सागौन की सिल्लियां जब्त की गईं। आरोपी बाइक से झुंड में थे और अंधेरे का फायदा उठाकर भाग निकले। लेकिन इस कार्रवाई के बाद कई बड़े सवाल खड़े हो रहे हैं। इतनी मात्रा में सागौन कहां जा रही है? क्या नगर में आधी रात को अवैध कारखाने चल रहे हैं जहां लकड़ियों की सप्लाई हो रही है? अगर है तो पुलिस-वन विभाग संयुक्त कार्रवाई क्यों नहीं कर पा रहा?

आखिर वन विभाग टीम कब कारखानों पर छापामार कार्रवाई करेगी?

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार यह अवैध कारखाने वाले लोग अवैध सागौन की लकड़ियों को रात्रि में मंगवाते हैं और उनको रात्रि में मशीनों से काटकर दो नम्बर से एक नम्बर में बदल देते हैं। इस तरीके से शासन की आंखों में धूल झोंकने का काम किया जा रहा है। रात में चोरी की लकड़ी को काट-छांट कर वैध बताकर बाजार में ऊंचे दामों पर बेचा जा रहा है। स्थानीय लोगों के अनुसार पिछले कई महीनों से रात 11 बजे के बाद बाहरी क्षेत्र में लकड़ी से लदे वाहन बेरोकटोक गुजरते देखे गए हैं।

चोरी की बाइक से हो रही तस्करी नगर में बढ़ रही चोरी की वारदातें

सूत्रों के अनुसार यह तस्करी करने के लिए चोरी की बाइकों का इस्तेमाल कर रहे हैं। ऐसे में नगर में चोरी की घटनाएं लगातार बढ़ रही हैं। आए दिन नगर से बाइक चोरी हो रही है। पिछले कई माह से अधिक बाइक चोरी की घटनाएं सामने आई हैं। आशंका है कि यही चोरी की बाइकें अब सागौन तस्करी में उपयोग की जा रही हैं।स्थानीय लोगों ने मांग की है कि पुलिस प्रशासन को इन बाइक सवार तस्करों को जल्द पकड़ना चाहिए, जिससे नगर में बढ़ रही चोरी की घटनाओं पर रोक लग सके और तस्करी के नेटवर्क का खुलासा हो सके।

खोया मोबाइल लौटाकर योगेश माहेश्वरी ने पेश की ईमानदारी की मिसाल



सारंगपुर। सेवा प्रकल्प के तहत सेवा, संस्कार और मानवता के संदेश को आत्मसात करते हुए योगेश माहेश्वरी ने ईमानदारी और मानवीय संवेदना का उदाहरण प्रस्तुत किया। ग्राम नया अकोदिया निवासी दयाराम पिता रामलाल माली का मोबाइल अकोदिया नाका, सारंगपुर के समीप कहीं गिर गया था। मोबाइल योगेश माहेश्वरी को मिला। उन्होंने मोबाइल को अपने पास सुरक्षित रखने के बाद उसके वास्तविक मालिक की पहचान सुनिश्चित करने के लिए थाना सारंगपुर पहुंचकर पुलिस की मौजूदगी में मोबाइल और उसके बिल का मिलान कराया। सत्यापन के बाद मोबाइल फोन उसके वास्तविक स्वामी दयाराम माली को वापस सौंप दिया गया। इस अवसर पर पुलिसकर्मी राहुल, पं. अंतरिक्ष पारीक एवं कुलदीप टेटवाल सहित अन्य लोग मौजूद रहे। योगेश के इस कार्य की सराहना करते हुए कहा गया कि किसी की खोई हुई वस्तु को सुरक्षित उसके मालिक तक पहुंचाना ईमानदारी, संस्कार और मानवीय संवेदना का परिचायक है। ऐसे कार्य समाज में सकारात्मक संदेश देते हैं।

अलंकरण समारोह में हेड बॉय-हेड गर्ल सहित हाउस पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी



सारंगपुर। फ्यूचर इंटरनेशनल पब्लिक स्कूल में सत्र 2027-28 के लिए हेड बॉय, हेड गर्ल सहित चारों हाउस के पदाधिकारियों का चयन अलंकरण समारोह के माध्यम से किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। प्राचार्य ने अतिथियों का स्वागत किया। इसके बाद संस्था प्रबंधक अशोक चावड़ा एवं नितिन परिहार ने चयनित हाउस कैप्टन एवं वाइस कैप्टन को बैच एवं पद की बेल्ट पहनाकर उन्हें जिम्मेदारियां सौंपीं। विद्यालय की घोष टीम ने शानदार परेड प्रस्तुत कर अतिथियों को सलामी दी। इस अवसर पर संस्था प्रबंधक नितिन परिहार ने विद्यार्थियों को अलंकरण समारोह के महत्व से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि विद्यालय में आयोजित ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में अनुशासन, नेतृत्व क्षमता और शिष्टाचार जैसे गुणों का विकास करते हैं। उन्होंने सभी चयनित विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। समारोह में नगर के गणमान्य नागरिकों सहित पत्रकार एवं विद्यालय परिवार के सदस्य उपस्थित रहे।

आजीविका मिशन की साधारण सभा आयोजित महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



मध्यप्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन अंतर्गत साधारण सभा का आयोजन किया गया। इसमें स्व-सहायता समूहों की महिलाओं, ग्राम संगठन एवं संकुल स्तरीय संगठनों के पदाधिकारियों, मिशन से जुड़े कर्मचारियों तथा जनप्रतिनिधियों ने सहभागिता की।

सभा में स्व-सहायता समूहों की गतिविधियों की समीक्षा करते हुए नियमित बैठक, बचत, आंतरिक ऋण, बैंक से जुड़ाव, ऋण वापसी एवं आर्थिक लेन-देन सहित विभिन्न विषयों पर चर्चा की गई। महिलाओं की आय बढ़ाने के लिए स्वरोजगार एवं आजीविका गतिविधियों को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। बैठक में कृषि आधारित गतिविधियों, पशुपालन, दुग्ध उत्पादन, बकरी एवं मुर्गी पालन, खाद्य प्रसंस्करण, सिलाई-कढ़ाई, लघु व्यवसाय सहित स्थानीय रोजगार के अवसरों से महिलाओं को जोड़ने की संभावनाओं पर विचार-विमर्श किया गया।

अधिकारियों ने कहा कि आजीविका मिशन का उद्देश्य केवल स्व-सहायता समूहों का गठन करना नहीं, बल्कि ग्रामीण परिवारों की आय बढ़ाकर महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना भी है। इस दौरान शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ लेने, बैंकिंग सेवाओं का उपयोग करने और व्यवसाय को आगे बढ़ाने के लिए महिलाओं को प्रेरित किया गया। साथ ही आगामी अवधि की कार्ययोजना, अधिक महिलाओं को समूहों से जोड़ने तथा पात्र हितग्राहियों तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने पर चर्चा हुई।कार्यक्रम में हर्षा गौड़, मध्यप्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा प्रबंधक, कृषि विभाग के राकेश परमार, आशाबाई वर्मा, ईश्वरसिंह सोनगरा सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

सेवा संकल्प अभियान में सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर



जीरापुर। सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत सिविल हॉस्पिटल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि विधायक हजारीलाल दांगी ने ब्लड डोनेशन शिविर का शुभारंभ किया। सेवा संकल्प अभियान पर विधायक दांगी ने कहा कि भाजपा सरकार प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश में विकास की गंगा बह रही है, सेवा लक्ष्य है जिसमें सब मिलकर कार्य कर रहे हैं।देश दिनों दिन विकास के पटल पर अग्रसर है। सेवा संकल्प अभियान के तहत आयोजित ब्लड डोनेशन शिविर में मुख्य रूप से पूर्व नपाध्यक्ष बलराम टांक, बालचन्द्र दांगी सेंधरा, भाजपा महामंत्री रमेशचंद्र शर्मा, भाजपा किसान मोर्चा जिला मंत्री शिव मण्डलोई, युवा मोर्चा मण्डल महामंत्री राजेन्द्र परिहार, नगर अध्यक्ष देवकीनंदन जमींदार, पार्षद प्रतिनिधि मुकेश पुष्पद टेक्सी, विष्णु सिंह पवांर, हेमन्त जोशी, लखन सिंह तोमर, कमल झावा, प्रभुलाल गुर्जर, वंदना दांती सहित ब्लाक मेडिकल अधिकारी डॉ. सुनील चौरसिया, सीएमओ देवनारायण दांगी, कमल भावसार एवं भारतीय जनता पार्टी मंडल पदाधिकारी, कार्यकर्ता, हॉस्पिटल कर्मचारी उपस्थित रहे।

शिविर में एसडीएम सौलंकी सहित 25 लोगों ने किया रक्तदान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

रक्तदान दिवस पर महाविद्यालय में हुआ आयोजन



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत रक्तदान दिवस के अवसर पर शासकीय स्वामी विवेकानंद महाविद्यालय, सारंगपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना एनएसएस एवं रेडक्रॉस समिति के संयुक्त तत्वावधान में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर का उद्देश्य विद्यार्थियों एवं महाविद्यालयीन स्टाफ में रक्तदान के प्रति जागरूकता बढ़ाने तथा जरूरतमंद मरीजों के लिए सुरक्षित रक्त उपलब्ध कराने में सहयोग करना रहा। शिविर में अनुविभागीय अधिकारी जय सौलंकी, जनपद पंचायत सीईओ हेमेंद्र गोहिल सहित महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने रक्तदान किया। आयोजन में 25 यूनिट रक्त एकत्रित हुआ। रक्तदान करने वाले दाताओं ने अन्य लोगों को भी रक्तदान के लिए प्रेरित किया। इस दौरान रक्तदान जागरूकता को लेकर शपथ भी दिलाई गई। रक्त संग्रहण के लिए जिला चिकित्सालय राजगढ़ के रक्तकोष से डॉक्टर फरहान खान, राजकुमार भिलाला, स्वप्ना राय, चंदन सराठे, तेजपाल सिंह एवं मनमोहन विश्वकर्मा की टीम उपस्थित रही। इस दौरान महाविद्यालय प्राचार्य संगीता गुप्ता ने कहा कि रक्त की आवश्यकता किसी भी व्यक्ति को कभी भी पड़ सकती है। ऐसे में समाज में नियमित रक्तदान की भावना विकसित करना आवश्यक है।

उन्होंने रक्तदाताओं का उत्साहवर्धन करते हुए सभी से इस पुनीत कार्य में आगे आने का आह्वान किया। एनएसएस प्रभारी डॉ. अरुणा सोलंकी एवं रेडक्रॉस प्रभारी धर्मेंद्र खेरवार ने शिविर के आयोजन एवं व्यवस्थाओं में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने विद्यार्थियों एवं स्टाफ को रक्तदान के लिए प्रेरित करते हुए कहा कि रक्तदान मानव जीवन की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण सेवा कार्य है।शिविर में महाविद्यालय के विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, स्वयंसेवक एवं विद्यार्थी उपस्थित रहे। आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों में 'रक्तदानमहादान' का संदेश दिया गया।

सेवानिवृत्त होने पर दी भावभीनी विदाई



खिलचीपुर। नगर परिषद खिलचीपुर में जनसेवक के पद पर लंबे समय तक सेवाएं देने के बाद 30 सितंबर को सेवानिवृत्त हुए खेमचंद कलोसिया का सम्मान समारोह खंडी बावड़ी, खिलचीपुर में आयोजित किया गया। इस अवसर पर मध्यप्रदेश महा वाल्मीकि पंचायत संगठन की ओर से उन्हें शील्ड एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। संगठन पदाधिकारियों ने कहा कि खेमचंद कलोसिया ने अपने शासकीय दायित्वों का निर्वहन लंबे समय तक किया। उनके सेवाकाल के साथ-साथ सामाजिक क्षेत्र में किए गए कार्यों की भी सराहना की गई। वक्ताओं ने कहा कि उन्होंने गृहस्थ जीवन और शासकीय जिम्मेदारियों के साथ समाजसेवा के क्षेत्र में भी योगदान दिया, जिससे समाज को गौरव मिला।

समारोह में मध्य प्रदेश महा वाल्मीकि पंचायत के प्रदेश संस्थापक रोहित छात्रे, प्रदेश अध्यक्ष सेतू नरवरे एवं संगठन महामंत्री राजेश मकवाना ने कलोसिया को शील्ड और सम्मान पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। इस दौरान समाजसेवी बाबूलाल कलोसिया, मुकेश कलोसिया, राजाराम ऊंटवाल, विनोद ऊंटवाल, दीपक कलोसिया, संजय झावा, बबलू इंदौरे, हीरालाल मकवाना, एल्डरमैन लखन कलोसिया, मोहन कलोसिया सहित संगठन के पदाधिकारी एवं समाजसेवी मौजूद रहे। उपस्थित लोगों ने खेमचंद कलोसिया के सेवानिवृत्त जीवन के लिए शुभकामनाएं दीं।

महानगरों तक पहुंच रहा सारंगपुर का हुनर

खजूर के पत्तों से झाड़ू, चटाई और टोपले बनाकर आत्मनिर्भर बना भारगुंडा समाज

जंगलों से पत्तियां लाकर 200 घरों में गढ़ते हैं स्वदेशी हुनर

नवीन रुण्डवाल ⏭ सारंगपुर

महात्मा गांधी ने स्वदेशी और स्वावलंबन को जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा माना था। गांधी जयंती के अवसर पर सारंगपुर के वार्ड क्रमांक-02 में रहने वाला भारगुंडा समाज आज भी अपने पारंपरिक हुनर और मेहनत के जरिए गांधीजी के स्वावलंबन के विचार को जीवंत बनाए हुए है। समाज के करीब 200 घरों के लगभग 500 लोग वर्षों से खजूर के पेड़ की पत्तियों यानी 'खोडिया' से झाड़ू, चटाई, टोपले सहित कई उपयोगी वस्तुएं तैयार कर परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं।

जंगलों से पत्तियां लाकर घरों में तैयार होती सामग्री

इस पारंपरिक कारोबार के पीछे वर्षों की मेहनत और संघर्ष जुड़ा है। समाज के लोग ग्रामीण क्षेत्रों और जंगलों में जाकर खजूर के पेड़ों से पत्तियां लाते हैं। इसके बाद इन्हें घरों में लाकर सुखाने और उपयोग के अनुसार तैयार करने का काम किया जाता है। महिलाएं, पुरुष, बुजुर्ग और बच्चे सभी इस कार्य में अपनी भूमिका निभाते हैं। हाथों से पत्तियों को आकार देकर झाड़ू, चटाई, टोपले और अन्य उपयोगी सामग्री तैयार की जाती है।

पीढ़ियों से चला आ रहा हुनर

समाज के रामबाबू पिता कुंजीलाल गौड़, जीवन गौड़, सुरेश गौड़, जितेंद्र, राजेश, सुनील, विकास और कुलदीप गौड़ बताते हैं कि उनके पूर्वज भी इसी काम के जरिए परिवार का पालन-पोषण करते थे। पीढ़ी दर पीढ़ी यह हुनर आगे बढ़ता गया और आज भी समाज के अधिकांश परिवार इस पारंपरिक कार्य से जुड़े हुए हैं। तैयार सामग्री को सारंगपुर के बाजार के अलावा आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों और महानगरों तक ले जाकर बेचा जाता है। इससे होने वाली आय ही कई परिवारों की आजीविका का प्रमुख साधन है।



हाथों का हुनर बना समाज की पहचान

बदलते दौर में बाजार में मशीनों से बने उत्पादों की भरमार है, इसके बावजूद भारगुंडा समाज के परिवार प्राकृतिक सामग्री से हाथों से तैयार वस्तुओं को बाजार तक पहुंचा रहे हैं। इन उत्पादों में पारंपरिक कारीगरी के साथ पर्यावरण के अनुकूल होने की विशेषता भी है। गांधी जयंती पर भारगुंडा समाज की यह कहानी 'लोकल फॉर वोकल' और स्वावलंबन की मिसाल बनकर सामने आती है।

शासन की योजना का नहीं मिला लाभ

रामबाबू गौड़ ने बताया कि उनका परिवार पुश्तैनी रूप से खजूर के पत्तों से झाड़, चटाई टोपले आदि सामग्री बनाकर जीवनयापन कर रहे हैं। परिवार के सदस्य दिनभर मेहनत कर खजूर के पत्तों से विभिन्न वस्तुएं बनाते हैं और उन्हें बेचकर घर का खर्च चलाते हैं। उन्होंने बताया कि अब तक शासन की योजना के तहत उनके परिवार को आर्थिक सहायता या विशेष सुविधा का लाभ नहीं मिला। स्थानीय संसाधन, पीढ़ियों पुराने हुनर और मेहनत के बल पर करीब 200 परिवार न केवल अपनी आजीविका चला रहे हैं, बल्कि सारंगपुर की पारंपरिक कला को ग्रामीण क्षेत्रों से महानगरों तक पहुंचाने का काम भी कर रहे हैं।

लोकल फॉर वोकल की मिसाल: टोकरी, सूपा, झाड़ू और बांसुरी बनाकर वर्षों से कर रहे जीवनयापन

बांस के हुनर से आत्मनिर्भर बना सारंगपुर का परिवार



सारंगपुर। गांधी जयंती के अवसर पर जब स्वदेशी, स्थानीय उत्पाद और आत्मनिर्भरता की बात होती है, तब सारंगपुर का देवकरण वंशकार परिवार अपने पुश्तैनी हुनर के जरिए आत्मनिर्भरता की मिसाल पेश कर रहा है। परिवार के सदस्य वर्षों से बांस से टोकरी, सूपा, झाड़ू, बांसुरी सहित विभिन्न उपयोगी वस्तुएं तैयार कर इन्हें बेचकर अपने परिवार का भरण-पोषण कर रहे हैं। देवकरण वंशकार का परिवार लंबे समय से बांस की सामग्री बनाने के पारंपरिक व्यवसाय से जुड़ा हुआ है। परिवार के सदस्य मिलकर बांस लाने, उसकी सफाई करने, उसे आकार देने और उससे विभिन्न उपयोगी वस्तुएं तैयार करने का काम करते हैं। तैयार उत्पादों को सारंगपुर नगर के साथ आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों, मेलों और अन्य स्थानों पर ले जाकर बेचते हैं। कई बार परिवार के सदस्य अपनी बनाई सामग्री लेकर महानगरों तक भी पहुंचते हैं। बांस से तैयार होने वाली इन वस्तुओं में ग्रामीण जीवन की उपयोगिता के साथ स्थानीय कारीगरों की मेहनत, कला और पारंपरिक ज्ञान भी नजर आता है। बाजार में प्लास्टिक और मशीन से बनी वस्तुओं की बढ़ती उपलब्धता के बावजूद परिवार ने अपने पुश्तैनी हुनर को नहीं छोड़ा है और मेहनत के दम पर इसे आज भी जीवित रखा है।

पुश्तैनी रूप से बांस का कार्य कर रहा परिवार

देवकरण वंशकार ने बताया कि उनका परिवार पुश्तैनी रूप से बांस का कार्य कर जीवनयापन कर रहा है। परिवार के सदस्य दिनभर मेहनत कर बांस से विभिन्न वस्तुएं बनाते हैं और उन्हें बेचकर घर का खर्च चलाते हैं। उन्होंने बताया कि अब तक शासन की किसी योजना के तहत उनके परिवार को आर्थिक सहायता या विशेष सुविधा का लाभ नहीं मिल पाया है। बांस से तैयार इन पारंपरिक वस्तुओं को बाजार उपलब्ध हो और ऐसे कारीगरों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिले तो उनकी कला को प्रोत्साहन मिलने के साथ परिवार की आर्थिक स्थिति भी मजबूत हो सकती है। देवकरण वंशकार परिवार का यह प्रयास स्वदेशी उत्पादों को बढ़ावा देने के साथ लोकल फॉर वोकल और आत्मनिर्भरता की भावना को जमीन पर साकार करता नजर आता है।